Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24

website- www.dvpnews.in

रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार




● अंक : 176 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, बुधवार 01 जनवरी 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष– श्री कैलाश चन्द्र जैन

## संक्षिप्त समाचार

### डी.एल.एड. प्रथम और द्वितीय वर्ष परीक्षा परिणाम घोषित

**रायपुर (विसं)।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर ने डी.एल.एड. (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) प्रथम एवं द्वितीय वर्ष अवसर परीक्षा 2024 के परिणाम जारी कर दिए हैं। परीक्षार्थी अपना परीक्षाफल मण्डल की आधिकारिक वेबसाइट www.cgbse.nic.in पर देख सकते हैं। जारी परिणाम में प्रथम वर्ष में कुल 1 हजार 22 परीक्षार्थी (502 बालक एवं 520 बालिका) परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिसमें सफलता का प्रतिशत 41.09 प्रतिशत रहा। वहीं द्वितीय वर्ष में कुल 1,312 परीक्षार्थी (539 बालक एवं 773 बालिका) शामिल हुए, जिसमें परीक्षाफल 43.82 प्रतिशत रहा।

### नए साल के जश्न को लेकर पंजाब समेत देशभर में पुलिस अलर्ट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नए साल पर उत्तर से लेकर दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक सुरक्षा के इंतजाम पुख्ता किए गए हैं। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन तैयार है। उत्तर प्रदेश में धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है, झारखंड में डैम के इर्दगिर्द स्टैटिक फोर्स की प्रतिनियुक्ति की गई है, पंजाब में भी व्यवस्था दुरुस्त है तो चेन्नई में ड्रोन और सीसीटीवी संग 25,000 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पुलिस ने उन सभी इलाकों को चिन्हित कर लिए हैं।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वदेशी तकनीक को मिला बढ़ावा, हुए बड़े-बड़े काम



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के लिए साल 2024 उपलब्धियों से भरा रहा। इस साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने स्वदेशी तकनीक सहित कई अन्य क्षेत्रों में विलक्षण काम कर पूरी दुनिया तक यह संदेश पहुंचाया कि हम किसी भी क्षेत्र में दुनिया के किसी भी देश से कम नहीं है।

दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) को सितंबर 2024 में अपनी पहली ड्राइवरलेस मेट्रो ट्रेन मिली है, जो 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत बनाई गई है। यह एक बड़ा कदम है और मेट्रो की तकनीकी उन्नति को दर्शाता है। इस ड्राइवरलेस ट्रेन में अत्याधुनिक स्वचालन और सुरक्षा प्रणालियां हैं, जो मेट्रो के संचालन को अधिक कुशल और सुरक्षित बनाती हैं। इससे मेट्रो सेवाओं का संचालन और भी बेहतर और निर्बाध होगा। भारत की पहली वंदे मेट्रो, जो कम दूरी की यात्रा के लिए डिजाइन की गई एक नई शहरी ट्रांसपोर्ट प्रणाली है। सितंबर 2024 में अहमदाबाद में लॉन्च की गई। इस मेट्रो को नमो भारत रैपिड रेल नाम दिया गया है और यह अहमदाबाद और भुज के बीच चलेगी। यह परियोजना प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण को दर्शाती है, जिसमें भारत के बुनियादी ढांचे को टिकाऊ और सुलभ बनाना और उसे आधुनिक बनाना शामिल है। अक्टूबर 2024 में भारतीय नौसेना ने बहुउद्देश्यीय पोत (एमपीवी) परियोजना के तहत पहला पोत समर्थक लॉन्च किया। यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जो भारत के स्वदेशी जहाज निर्माण में प्रगति को दर्शाता है। इस कार्यक्रम के जरिए भारत सरकार की आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया पहल को भी बल मिलता है। भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट रेलवे ब्रिज तमिलनाडु के रामेश्वरम में बने नए पम्बन ब्रिज के रूप में सामने आया है।

## भारत अंतरिक्ष डॉकिंग में महारत हासिल करने वाला चौथा देश बनने की ओर अग्रसर : शाह



**नई दिल्ली।** नए साल की शुरुआत से पहले इसरो ने देशवासियों को खुशखबरी दी है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अंतरिक्ष में स्पैडेक्स मिशन को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। इसरो के इस उपलब्धि पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर खुशी जाहिर की। एक्स पोस्ट में केंद्रीय गृहमंत्री ने लिखा कि भारत अंतरिक्ष डॉकिंग में महारत हासिल करने वाला चौथा देश बनने की ओर अग्रसर है। स्पैडेक्स मिशन के सफल प्रक्षेपण पर इसरो टीम को बधाई। यह एक शानदार सफलता है जो अंतरिक्ष डॉकिंग तकनीक में भारत के लिए एक नया रास्ता खोलती है।

## प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने 7 विशेषज्ञ चिकित्सकों और 35 चिकित्सा अधिकारियों के संविदा नियुक्ति आदेश जारी

### स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने जारी किया आदेश



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पहल पर राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने व स्वास्थ्य सेवाओं की प्रदायगी हेतु पर्याप्त मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा पदों पर विशेषज्ञ चिकित्सकों व चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर चिकित्सकों की पदस्थापना की गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के आदेशानुसार राज्य के रायपुर संभाग के शासकीय अस्पतालों में 06 चिकित्सा अधिकारियों, बिलासपुर संभाग में 12 चिकित्सा अधिकारियों, सरगुजा संभाग में 05 चिकित्सा अधिकारियों, बस्तर संभाग में 06 चिकित्सा अधिकारियों के साथ दुर्ग संभाग में 06 चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ द्वारा आज इन नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना के आदेश जारी किए गए हैं। इन डॉक्टरों को संबंधित जिले के विभिन्न ग्रामीण और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा जिला चिकित्सालयों में पदस्थ किया गया है। नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारी की पदस्थापना से त्वरित इलाज में तेजी आएगी और चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा।

विशेषज्ञ चिकित्सकों (संविदा) के जारी आदेश में डॉ. अमिताभ लालजी साहू, जिला अस्पताल बेमेतरा, डॉ. क्षमा चोपड़ा, जिला अस्पताल कबीरधाम, डॉ. निकिता खेस, जिला अस्पताल जांजगीर, डॉ. अनु आनी जॉन, जिला अस्पताल मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, डॉ शोएब खान जिला अस्पताल पंडरी रायपुर, डॉ नील माधव गवेल, जिला अस्पताल रायगढ़ व डॉ महिमा निधि जॉर्ज शास. चिकित्सा महाविद्यालय जिला रायगढ़ में पदस्थापना की गई है।

## नए शिक्षण सत्र में बच्चों को समय से मिले पाठ्य पुस्तकें : मुख्यमंत्री साय

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आगामी शिक्षा सत्र में राज्य के समस्त विद्यार्थियों को समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क पुस्तकों का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा है कि विद्यार्थियों को समय-सीमा में पाठ्य पुस्तकें प्राप्त हो सकें इसके लिए वितरण कार्य की निगरानी आनलाइन ट्रेकिंग ऐप के माध्यम से की जाए। मुख्यमंत्री ने आज मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम की कार्यकारिणी सभा की 89वीं बैठक में ये निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों के मुद्रण हेतु कव्हर पेपर एवं इनर पेपर क्रय एवं अन्य निविदाएं जेम पोर्टल के माध्यम से करने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, मुख्यमंत्री के सचिव मुकेश बंसल और बसवराजु एस., पाठ्य पुस्तक निगम के प्रबंध संचालक संजीव कुमार झा भी उपस्थित थे।

**मुख्यमंत्री साय ने प्रदेशवासियों को नववर्ष 2025 की दी बधाई एवं शुभकामनाएं**

## नववर्ष सभी लोगों के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए : विष्णुदेव साय




**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को नववर्ष 2025 की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने शुभकामना व्यक्त करते हुए कहा कि नव वर्ष 2025 हम सभी के जीवन में तरक्की के नये अवसर लेकर लाये और हम सभी के जीवन में भरपूर सुख-समृद्धि का वास हो।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि नव वर्ष हम सभी के लिए शुभ संकल्प लेने का समय है। पिछले साल हमने प्रधानमंत्री मोदी जी की गारंटी को पूरा करने का संकल्प लिया था और प्रत्येक वर्ग को लाभ पहुंचाने में हमें सफलता मिली। नए वर्ष में भी हम प्रदेश की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस साल हम सभी छत्तीसगढ़ की स्थापना का रजत जयंती वर्ष मना रहे हैं, साथ ही इस वर्ष को हमने अटल निर्माण वर्ष के रूप में भी मनाने का निर्णय लिया है। आप सभी की भागीदारी से हमें छत्तीसगढ़ को एक समृद्ध और विकसित राज्य बनाना है। उन्होंने कहा कि नव वर्ष में हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ महतारी को संवारने के लिए और अधिक संकल्पित होकर कार्य करेंगे। उन्होंने हम सभी के शुभसंकल्प और मनोरथ नव वर्ष में पूरे हों, यह आशा व्यक्त करते हुए सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

## राज्य सरकार ने 13 एडिश्नल एसपी के किये तबादले, रायपुर रेल एसपी बनी श्वेता श्रीवास्तव

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य सरकार ने सोमवार देर शाम 13 एडिश्नल एसपी के तबादले किये हैं। श्वेता श्रीवास्तव को पुलिस अधीक्षक रेल बनाया गया है। वहीं पंकज चंद्राक को एडिश्नर एसपी पीएचक्यू से कोरबा बटालियन भेजा गया है। वहीं जयप्रकाश बढ़ई असिस्टेंट कमांडेंट दुर्ग, रमा पेटल असिस्टेंट कमांडेंट माना, हरीश यादव को एडिश्नल एसपी सक्ती, जयंत वैष्णव को एडिश्नल एसपी एसटीएफ बघेरा, विवेक शुक्ला को एएसपी अटल नगर बनाया गया है। वहीं राकेश कुमार कुर्रे को एएसपी पखांजूर, नीतीश कुमार ठाकुर को एएसपी कोरबा, प्रशांत शुक्ला को एएसपी ट्रैफिक्र रायपुर, पंकज पटेल को एएसपी कोरिया, नेंहा वर्मा को जोनल पुलिस अधीक्षक बस्तर, और उदयन बेहार को एएसपी ट्रैफिक्र जांजगीर बनाया गया है।






# नववर्ष के आगमन पर पुलिस की रहेगी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

### नशे में या रैश ड्राइविंग पर होगी सख्त कार्रवाई

**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**-अगर आप नए साल का जश्न मनाने जा रहे हैं और नशे में हैं या फिर रैश ड्राइविंग कर रहे हैं, तो सावधान हो जाएं, क्योंकि नए वर्ष में हुड़दंगियों को रोकने के लिए सूरजपुर पुलिस ने विशेष तैयारी की है। किसी परेशानी अथवा कार्यवाही से बचने के लिए संयमित रहकर नए वर्ष का जश्न मनाए अन्यथा पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने वर्ष की विदाई व नववर्ष 2025 के आगमन पर जिले के सभी प्रमुख स्थानों, चौक-चौराहों, पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए है। एसएसपी ने पुलिस अधिकारियों की बैठक ली और पूरे जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के सीएसपी/एसडीओपी सहित थाना-चौकी प्रभारियों को 31 दिसम्बर के रात्रि 7 बजे से रात्रि 1 बजे तक प्रभावी रूप से पैदल गश्त व पेट्रोलिंग करने, फिक्स प्वाईंट पर सजगता से चेकिंग करने, ड्रंक एंड ड्राईव और यातायात नियमों के उल्लघंन पर कार्यवाही तथा नए वर्ष में जिले के सभी पिकनिक स्थलों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस के अधिकारी व जवानों की ड्यूटी लगाई है। असामाजिक तत्वों की प्रत्येक गतिविधियों पर सूरजपुर पुलिस की विशेष पैनी नजर रहेगी। बैठक में एएसपी संतोष महतो व थाना प्रभारीगण सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

नववर्ष के स्वागत के लिए पुलिस की विशेष तैयारी। 31 दिसंबर की रात से ही नए वर्ष का जश्न शुरू हो जाता है. इस दौरान पुलिस सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम कर रही है। एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि इस दौरान ड्रंक एंड ड्राइव, रैश ड्राइविंग, दो पहिया वाहन में तीन सवारों की चेकिंग की जाएगी। इसके लिए जिले के थाना क्षेत्र में 22 चेकिंग प्वाइंट बनाए गए हैं। 31 दिसंबर को रात 7 बजे से 1 बजे तक और 1 जनवरी को दोपहर 12 बजे से रात्रि 9 बजे तक चेकिंग की जाएगी। ऐसे में नशे में या नियमों का उल्लंघन करते पकड़े जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सड़क पर हुड़दंग और स्टंट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई। एसएसपी ने यह भी बताया कि शराब पीकर वाहन चलाने, स्टंट करने और सड़क पर हुड़दंग मचाने वालों से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस के अधिकारी व जवानों की तैनाती के साथ ही पेट्रोलिंग पाटी का गठन किया गया है जो चिन्हांकित स्थानों व मार्गो पर निगरानी रखेंगे। इसके अलावा सभी सीएसपी/एसडीओपी भी चौक-चौराहों पर सक्रिय होकर ड्यूटी करेंगे और सुरक्षा व्यवस्था को दुरूस्त रखेंगे।

पिकनिक स्पॉट पर पुलिस की भारी तैनाती। नए वर्ष के स्वागत के दौरान जिले के पिकनिक स्पॉट पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। सभी पिकनिक स्थलों पर तैनात पुलिस अधिकारी व जवानों को निर्देशित किया गया है कि यहां आने वाले लोगों को सुरक्षा के लिहाज से उन्हें सावधानी बरतने, झरना, जल स्त्रोतों, पोखरी के प्रतिबंधित स्थलों की ओर न जाने की समझाईश देने और सतर्कता बरतते हुए ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए है। इसके साथ ही होमगार्ड के प्रशिक्षित गोताखोरों को भी तैनात किया गया है ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल मदद मिल सके।

अपील। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने आमजन से अपील की है कि नव वर्ष के अवसर पर गलत अफ्व्राहो पर ध्यान ना दें और यदि कोई गलत अफ्वाह फैलाता है तो उसकी तुरंत सूचना पुलिस को देवें। सोशल मीडिया पर पुलिस लगातार नजर बनाये हुये है। नव वर्ष की आड़ में असामाजिक गतिविधियां करने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी, साथ ही अपील की है कि कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सहयोग करे। किसी भी संदिग्ध/असामान्य गतिविधि या संदिग्ध वस्तु की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन/पुलिस कर्मियों या पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर 9479193999 पर सूचना दे। सूरजपुर पुलिस आपकी सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑल इंडिया सिविल सर्विसेस बैडमिंटन प्रतियोगिता 2025 के राज्य स्तरीय टीम में सोमेश सिंह लामा का चयन



**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**-ऑल इंडिया सिविल सर्विसेस बैडमिंटन प्रतियोगिता 2025 में सूरजपुर जिले के सोमेश सिंह लामा छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधत्व दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में करेंगे। ऑल इंडिया सिविल सर्विसेस बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में 2 जनवरी से 8 जनवरी तक होने जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ सेक्रेटेरिएट की टीम भी भाग ले रही है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ से महिला वर्ग से श्रीमती संगीता राजगोपालन, हेमीन भागे, मनीषी सिंह, अजीत कुजूर, हर्षिता अग्रवाल, वर्षा चंद्राकर का चयन हुआ है।एवं पुरुष वर्ग में सोमेश सिंह लामा, युवराज साहू, नितेश महंत, हितेश तिवारी, शेख अब्दुल हलीम , अभिजीत, आनंद धर दीवान, सुदेश तिवारी, बी. प्रकाश मूर्ति, दयानंद पटेल, रितेश अग्रवाल जी छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधत्व करेंगे। इस टीम में मैनेजर के रूप में योगेश कुमार यादव एवम् कोच की भूमिका में विनय रंजन को छत्तीसगढ़ टीम की जिम्मेदारी दी गई है ।

# सरगुजा सांसद जिले के दूरस्थ अंचल लुल और खोहिर के ग्रामीणों के साथ मनाएंगे नव वर्ष

**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**- सरगुजा सांसद चिंतामणी महाराज नया साल जिले के दूरस्थ अंचल लुल व खोहिर के ग्रामीणों के साथ मनायेंगे। गौरतलब है कि खोहिर प्रदेश की सबसे बड़ी पंचायत है जो करीब 30 किमी के दायरे में पहाड़ो पर बसा है। भौगोलिक परिस्थितियां के कारण यहां की समस्याएं और चुनौतियां भीं अलग हैं। गौरतलब है कि यह क्षेत्र पंडो जनजाति बाहुल्य है और इस पंचायत में यह पहला मौका होगा जब कोई सांसद यहां पहुँच रहा है। इस गांव में सांसद श्री महाराज ग्रामीणों के साथ मिलकर यहां नव वर्ष का स्वागत करेंगे साथ ही ग्रामीणों के साथ समय बिताएंगे और यहां रात्रि विश्राम भी करेंगे। यहां सांसद के रुकने के लिए एक झोपड़ी तैयार की गई है। नए वर्ष के पहले दिन सांसद श्री महाराज ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका हाल व उनकी समस्याएं जानेंगे, इस बात कि खबर सुन यहां के ग्रामीण भी काफी उत्साहित है



# एस डी एम शिवानी ने 600 बोरा अवैध धान ज़ब्त कर जयनगर पुलिस को सोपा





**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )** -कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देश पर अवैध धान परिवहन व भंडारण को लेकर लगातार कार्यवाही के कि अगली कड़ी में आज पुनः सूरजपुर एस.डी.एम. श्रीमती शिवानी जायसवाल, खाद्य एवं मंडी की संयुक्त टीम द्वारा एक ट्रक में 600 बोरा धान ज़ब्त कर थाना जयनगर को सुपुर्द किया । कुछ धान के बोरे राजापुर निवासी के गोदाम पर खाली किया गया था और मौके पर कुछ बोरा ट्रक पर ही पाया गया। प्रकरण की जाँच की जा रही है और मंडी अधिनियम के तहत जब्ती की कार्यवाही की जा रही है।

### कोयला चोरों पर पुलिस की कार्यवाही, कोयला बोरी में भरकर मोटर सायकल से कर रहे थे परिवहन



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर जिले की पुलिस अवैध कार्यो के विरूद्ध बड़ी लगातार कार्यवाही कर रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में बीते कल 30 दिसंबर के रात्रि में थाना रामानुजनगर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम साल्ही की ओर से काफी मात्रा में मोटर सायकल चालक के द्वारा अवैध रूप से कोयला परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर थाना रामानुजनगर की पुलिस टीम ने ग्राम रामपुर में घेराबंदी कर 1. प्रदीप पिता विश्वनाथ साहू उम्र 19 वर्ष ग्राम साल्ही, 2. अजय साहू पिता रौशन लाल साहू उम्र 19 वर्ष ग्राम साल्ही 3. चैन सिंह पिता बुधियार सिंह उम्र 29 वर्ष ग्राम दवना 4. सुदामा साहू पिता रामअधीन साहू उम्र 23 वर्ष ग्राम साल्ही 5. विरेन्द्र साहू पिता राजेश्वर साहू उम्र 21 वर्ष ग्राम साल्ही 6. रनसाय पिता संजय राजवाड़े उम्र 21 वर्ष ग्राम अधियारी को मोटर सायकल में बोरी में कोयला भरकर परिवहन करते पकड़ा जो कोयला चोरी का होने के पूर्ण अंदेशा पर धारा 35(1-4)/303(2) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर 14 बोरी कोयला एवं परिवहन में प्रयुक्त 7 नग मोटर सायकल जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रामानुजनगर राजेन्द्र साहू व उनकी टीम सक्रिय रही।

## सद्गुणों को अपने से जीवन होता है सुखमय: दीपक कृष्णा

**कोरबा(विश्व परिवार)।** आचार्य दीपक कृष्ण शास्त्री ने कहा है कि सद्गुणों को हर दौर में सकारात्मक रहा है और ऐसा करने से व्यक्ति का जीवन सुखमय होता है। कोरबा पुलिस विभाग में पूर्व उप निरीक्षक ग्रहण सिंह राठौड़ द्वारा अपने पूर्वजों की सुख-शांति के लिए किया जा रहा है। कथा में श्रोताओं को भागवत आचार्य दीपक कृष्ण शास्त्री महाराज का सानिध्य प्राप्त हो रहा है। खरसिया के राठौर भवन में आयोजित चतुर्थ दिवस कथा के दौरान अजामिल ब्राह्मण की कथा का दृष्टांत प्रस्तुत किया गया। आचार्य दीपक शास्त्री ने श्रोताओं को भगवान के नाम की महिमा और सद्गुण अपनाने का महत्व समझाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल होकर धर्म का लाभ ले रहे हैं। भागवत कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को जीवन के आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों का ज्ञान प्रदान किया जा रहा है। कथा का माहौल भक्तिमय बना हुआ है, और हर दिन श्रोताओं की संख्या बढ़ रही है। यह आयोजन धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को बढ़ावा देने के साथ-साथ समाज को संस्कार और सद्भावना का संदेश दे रहा है। आयोजन समिति के प्रमुख राजकुमार राठौर, दीपक राठौड़ ने सभी भक्तजनों से कथा में सम्मिलित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

# आई बी सी ने आठ वर्षो में बेहतर कार्य करने के लिए डॉ प्रिंस को किया सम्मानित

### कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री, कृषि मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री एवं सरगुजा सांसद रहे मौजूद

**गोपाल सिंह विद्रोही**



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-छत्तीसगढ़ में साय सरकार के आने के बाद स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक के पद पर पदस्थ डॉ. प्रिंस जायसवाल सरकार के निर्देशों को ध्यान में रखते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन बखूबी किया है। इसी बेहतर कार्यो के मददेनजर आईबीसी के द्वारा उन्हे सम्मानित किया। विभाग द्वारा दी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन सही तरीके से करने के कारण उन्हें कई अवसरों पर सम्मानित भी किया जा चुका है । हाल ही में डॉ. जायसवाल जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं कार्यक्रम नोडल अधिकारी को एनीमिया मुक्त भारत एव राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ मिशन, अंतर्गत सूरजपुर जिले को राज्य में उत्कृष्ठ कार्य एवं उपलब्धि हेतु सम्मानित किया गया । साथ ही कोरिया जिले में 2015 से मार्च 2022 तक स्वास्थ्य विभाग में जिला सलाहकार के रूप में डॉ. जायसवाल ने अपनी सेवाये दी थी। कोरिया जिले में किये गए कार्यो को देखते हुए इन्हें सूरजपुर जैसे बड़े जिले की जिम्मेदारी दी गई है और वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग सूरजपुर में जिला कार्यक्रम प्रबंधक के रूप में पदस्थ है, डॉ. प्रिंस ने प्रदेश के योजनाओं को बेहतरीन ढंग से जमीनी हकीकत दी है ताकि प्रदेश की संवेदनशील योजनाओं का लाभ प्रदेश के अंतिम तपके तक आसानी से पहुंच सके। इससे पूर्व 30 दिसंबर को सरगुजा संवाद कार्यक्रम संभाग के अंबिकापुर में आयोजित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सांसद चिंतामणि महराज, लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, जशपुर विधायक रायमुनी भगत, प्रतापपुर विधायक शकुंतला पोर्ते, पूर्व विधायक गुलाब कमरों भी मौजूद रहे।

# जो मनुष्य आध्यात्मिक रुप से धनवान है वह जीवन में श्रेष्ठ है : सुरेंद्र बिहारी

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जो मनुष्य आज के भौतिक सुख साधन की जगह आध्यात्मिक रास्ते को अपनाकर जीवन में चलता है और श्रद्धा और आध्यात्म के साथ जीवन व्यतीत करता है वह जीवन में श्रेष्ठ है। ऐसे व्यक्ति सामाज में आध्यात्म का प्रचार प्रसार करने के साथ चिंतन करते हैं। उक्त बातें डॉ. पंडित सुरेन्द्र बिहारी गोस्वामी ने दीनदयाल मार्केट स्थित पीली कोठी में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। श्री गोस्वामी दर्शन परिवार एमपी नगर द्वारा आयोजित 24 से 30 दिसंबर तक श्रीमद् भागवत कथा में मुख्य ब्यास कथा वाचक के रूप में उपस्थित होकर श्रद्धा और आध्यत्म पर प्रवचन दे रहे हैं। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि आध्यात्म उन्हें विरासत में मिली है और वे अपने पिता चैतन्य गोस्वामी जी से किशोरवय अवस्था में ही दीक्षा लेकर देश-विदेश तक लोगों को सहजता का पाठ पढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिना व्यवसायिक चिंतन के आध्यात्म एवं सनातन धर्म तथा हमारी विरासत को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे छत्तीसगढ़ के राजनांद गांव में ही जन्म लेकर देश-विदेश तक भगवत गीता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुख-दुख हमारे जीवन के अतिथि हैं।. आते जाते रहते हैं। उन्होंने कहा कि सुख-दुख को एक दूसरे को बांटते रहना चाहिए, इससे मन में सहज भाव पुष्ट होता है। वे मनुष्य को सहज बनाने के लिए उपदेश देते फिर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मानव वही श्रेष्ठ है जो आध्यात्मिक रूप से धनवान है, न कि भौतिक रूप से धनवान व्यक्ति। उन्होंने कहा कि भक्ति में ही उत्सव है और जीवन में सदैव उत्सव मनाते रहना चाहिए, यही जीवन का सार है। उन्होंने पत्रकारों के पूछे सवाल को सहज ढंग से जवाब दिया। इस अवसर पर दर्शन परिवार के सदस्य उपस्थित थे।



## पटरी पर रख दिया था बोल्डर, लोको पायलट की समझदारी से बची हजारों यात्रियों की जान

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर- कटनी रेल रूट पर एक बड़ा हादसा टल गया। शनिवार की देर रात भंनवारटंक रेल्वे स्टेशन के पास टनल में पटरियों पर बोल्डर रख ट्रेन रोकने की साजिश की गई थी। इस दौरान लोको पायलट की सूझबूझ से साजिश नाकाम हो गई। जिसके चलते हीराकुंड एक्सप्रेस में सफर कर रहे हजारों यात्रियों की जान बच गई। जानकारी के अनुसार, पेंड्रा थानांतर्गत ग्राम कोलबिरा के निवासी पवन सिंह ने ट्रेन को रोकने की नीयत से रेलवे ट्रैक पर जगह- जगह बोल्डर रख दिया था। वहीं आरपीएफरेल्वे ट्रैक पर बोल्डर रखने वाले आरोपी युवक को मौके से गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि, ट्रेन में चढ़ने के लिए उसने ऐसा किया था। आरोपी पवन सिंह के खिलाफ रेलवे अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। जिसके बाद आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### रेवती रमन मिश्र महाविद्यालय में फाइलेरिया उन्मूलन हेतु बच्चों ने ली शपथ

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-पंडित रेवती रमन मिश्र महाविद्यालय सूरजपुर में पी.सी.आई. के डी.एम.सी धीरज कुमार सिंह के द्वारा बच्चों को फाइलेरिया रोग से बचाव तथा आगामी 10 फरवरी 2025 से चलने वाले एम.डी.ए. कार्यक्रम पर चर्चा की गई, साथ ही बच्चों के साथ फाइलेरिया को लेकर सवाल जवाब भी किये गए। सभी महाविद्यालय प्रोफेसर, एन.एस.एस. प्रभारी श्री अनिल कुमार व छात्र-छात्राओं ने फाइलेरिया रोधी दवा सेवन को लेकर शपथ भी ली। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, महाविद्यालय के प्रोफेसर, छात्र-छात्राएं एवं श्री सी.के. माहेश्वरी, मलेरिया टेक्निकल सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

# संपादकीय

## व्यापार घाटे में बढ़ोतरी

समाधान देश के अंदर ही पूरा सप्लाई चेन तैयार करना है। लेकिन यह धीरज के साथ दूरगामी निवेश और नियोजन से ही हो सकता है। इस दिशा में पहल का कोई संकेत नहीं दिखता। नतीजतन, व्यापार घाटा अपरिहार्य बना हुआ है। चालू वित्त वर्ष में सिर्फ दो महीने ऐसे रहे, जब वस्तु व्यापार में उसके पिछले महीने की तुलना में व्यापार घाटा कम हुआ। लेकिन अप्रैल 2024 को आधार बनाएं, तो तब से नवंबर तक घाटा कुल मिला कर बढ़ा ही है। अप्रैल में व्यापार घाटा 19.1 बिलियन डॉलर रहा, जो नवंबर में 37.8 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। लेकिन अप्रैल 2024 को आधार बनाएं, तो तब से नवंबर तक घाटा कुल मिला कर बढ़ा ही है। अप्रैल में व्यापार घाटा 19.1 बिलियन डॉलर रहा, जो नवंबर में 37.8 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। इसका सीधा कारण तो निर्यात की तुलना में आयात का तेजी से बढ़ना है, लेकिन इस बड़ी कहानी के अंदर कुछ बारीक अहम तथ्य भी हैं। नवंबर में गुजरे वर्ष के इसी महीने की तुलना में आयात 27 फीसदी बढ़ा, वहीं निर्यात 4.7 प्रतिशत गिरा। सरकारी अधिकारी चूंकि हर नकारात्मक खबर के बचाव की दलील ढूंढ कर आते हैं, इसलिए उन्होंने नवंबर के आंकड़ों के बारे में कहा कि बीते महीने सोने का आयात तेजी से बढ़ा, जबकि प्रमुख रूप से पेट्रोलियम पदार्थों का निर्यात घटने की वजह से कुल निर्यात आंकड़ों में गिरावट दिखी। यानी चिंता की कोई बात नहीं है। वैसे स्वर्ण आयात बढ़ने का रास्ता सरकार ने ही साफ किया है। इस पर आयात शुल्क में भारी कटौती और यूएई से मुक्त व्यापार समझौते का इसमें प्रमुख योगदान है। उधर रूस से सस्ता तेल खरीद कर अमेरिका और यूरोप निर्यात करने का रुझान ठंडा पड़ गया है। ऐसे पेट्रोलियम निर्यातक दूसरी जगह बाजार ढूंढ रहे हैं, लेकिन अभी इसमें ज्यादा कामयाबी नहीं मिली है। वैसे व्यापार घाटे में बढ़ोतरी का कारण और भी है। भारत के निर्यात लगातार आयात निर्भर होते गए हैं। प्रोडक्शन लिंक्ड इन्सेंटिव जैसी योजनाओं के कारण प्रमुख इनपुट्स का आयात कर निर्मित वस्तुओं के निर्यात का चलन बढ़ा है। इस तरह भारत का जितना निर्यात बढ़ता है, उसी अनुपात में आयात बढ़ जाता है। इसका सबसे ज्यादा लाभ चीन को मिला है। यानी कुल मिला कर आयात-निर्यात के कारोबार में चीन पर निर्भरता बनी हुई है। इसका उपाय देश के अंदर ही पूरा सप्लाई चेन तैयार करना है। लेकिन यह धीरज के साथ दूरगामी निवेश और नियोजन से ही हो सकता है। इस दिशा में पहल का कोई संकेत नहीं दिखता। नतीजतन, व्यापार घाटा अपरिहार्य बना हुआ है।

# आलेख

## नए संकल्प और अच्छे कार्यों का लें प्रण

**-डॉ सुनील जैन**



अंग्रेजी वर्ष 2024को अलविदा, 2025 का स्वागत। अंग्रेजी नया साल दुनिया में सबसे अधिक मनाया जाने वाले दिनों में से एक है। इस दिन को अलग-अलग रीति-रिवाजों और परंपराओं से आकार दिया जाता है। इस दिन पर नए साल के मंगलमय गुजरने की ख़ुशी में और आने वाले साल की अच्छी कामना के लिए संकल्प लिया जाता है। यूं तो पूरे विश्व में नया साल अलग-अलग दिन मनाया जाता है और भारत के अलग-अलग क्षेत्रों में भी नए साल की शुरूआत अलग-अलग समय होती है। लेकिन अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार 1 जनवरी से नए साल की शुरूआत मानी जाती है। चूंकि 31 दिसंबर को एक वर्ष का अंत होने के बाद 1 जनवरी से नए अंग्रेजी कैलेंडर वर्ष की शुरूआत होती है। इसलिए इस दिन को पूरी दुनिया में नया साल शुरू होने के उपलक्ष्य में त्यौहार की तरह मनाया जाता है। चूंकि साल नया है, इसलिए नई उम्मीदें, नए सपने, नए लक्ष्य, नए आईडियाज के साथ इसका स्वागत किया जाता है। नया साल मनाने के पीछे मान्यता है कि साल का पहला दिन अगर उत्साह और खुशी के साथ मनाया जाए, तो साल भर इसी उत्साह और खुशियों के साथ ही बीतेगा।

कलेंडर बदलिए अपनी संस्कृति नहीं :

1 जनवरी को मनाए जाने वाला नया वर्ष भारतीय संस्कृति का नहीं है। भारत में पश्चिमी सभ्यता के बढ़ते चलन के कारण नव वर्ष का दिन 1 जनवरी, भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण उत्सव का दिन माना जाता है। हिन्दू नववर्ष का आगाज गुड़ी पड़वा से होता है। जैन परंपरा में भगवान महावीर स्वामी के निर्वाणोत्सव के अगले दिन से नए वर्ष का शुभारंभ माना जाता है। भारत में लगभग पचास संवत प्रचलित हैं।वीर निर्वाण संवत् भारत का प्रमाणिक और सबसे प्राचीन संवत है।

नए संकल्प और अच्छे कार्यों का लें प्रण :

यह भी सच है कि पश्चिम से आये इस अंग्रेजी वर्ष के पहले दिन का स्वागत हम भोग, विलास के आयोजनों से करते हैं। इस दिन खासतौर से हमारा युवा वर्ग न जाने कितने अनैतिक कार्यों में लिप्त होकर इसका स्वागत करता है। जबकि होना यह चाहिए कि हम नव वर्ष का स्वागत नए संकल्प और अच्छे कार्यों के साथ करें। इस दिन को पूजा, प्रार्थना और परोपकार के कार्यों लगाना चाहिए ताकि पूरा वर्ष हमें एक नई दिशा दिखाए, उन्नति के नई सूत्र हमें प्राप्त हों पर अफ्सोस हमारा युवा वर्ग पश्चिमी आवोहवा इतना बह गया है कि वह अपना विवेक खोता जा रहा है। नया वर्ष मनाने की सार्थकता तो तभी है जब हम इस दिन असहाय की मदद करें, अपने धन का सदुपयोग करें , जरूरतमंदों के सहारा बनें, प्रभु प्रार्थना करें कि यह वर्ष खुशियों से भरा हो, दु:खद अतीत वापस न आये, पर्यावरण के संरक्षण में योगदान , माता पिता के सम्मान , स्वच्छता की सपथ लेने के संकल्प लें। हमारे पूज्य संत भी अब युवा पीढ़ी को जागरूक कर रहे हैं। 1 जनवरी को अब अनेक जगह विविध धार्मिक आयोजन होने से युवा पीढ़ी को अंग्रेजी नव वर्ष के प्रथम दिवस भोग-विलास की जगह धर्म से जोड़ रहे हैं, यह अच्छी पहल है।

बीति ताहि बिसारी के आगे की सुध लेहि :

नया साल एक नई शुरूआत को दर्शाता है और हमेशा आगे बढ़ने की सीख देता है। पुराने साल में हमने जो भी किया, सीखा, सफ्ल या असफ्ल हुए उससे सीख लेकर, एक नई उम्मीद के साथ आगे बढ़ना चाहिए। जिस प्रकार हम पुराने साल के समाप्त होने पर दुखी नहीं होते बल?कि नए साल का स्वागत बड़े उत्साह और खुशी के साथ करते हैं, उसी तरह जीवन में भी बीते हुए समय को लेकर हमें दुखी नहीं होना चाहिए। जो बीत गया उसके बारे में सोचने की अपेक्षा आने वाले अवसरों का स्वागत करें और उनके जरिए जीवन को बेहतर बनाने की कोशिश करें। नव वर्ष का दिन सभी लोगों को बताता है कि अब हमें बीते हुए साल को खुशी खुशी विदा कर देना चाहिए और खुशी-खुशी नए साल का स्वागत करना चाहिए। जीवन में हमेशा अतीत को भुलाकर वर्तमान के विषय में सोचना चाहिए जिससे हमारा आने वाला भविष्य उज्जवल बने। जीवन में हर व्यक्ति को दुखों के बाद सुख मिलते हैं, इस बात को ध्यान में रखते हुए हमें निरंतर परिश्रम करना चाहिए। जैसे मौसम बदलते हैं और मानव को जीवन जीने का सरल तरीका बताते हैं, ठीक वैसे ही नए साल का आगमन भी हमें जीवन जीने के लिए प्रेरित करने का काम करता है।

**वर्षांत समीक्षा 2024 : भारी उद्योग मंत्रालय**

# 25,938 करोड़ के बजटीय परिव्यय के साथ ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट उद्योग के लिए उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन ( पीएलआई ) योजना

- 11,500 करोड़ के परिव्यय के साथ भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए फेम-II (एफ्एएमई-II) योजना शुरू की गई
- कुल 10,900 करोड़ के साथ शुरू हुई पीएम ई-ड्राइव योजना का उद्देश्य ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा देना और ईवी विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना है
- टिकाऊ शहरी गतिशीलता के लिए भुगतान सुरक्षा तंत्र (पीएसएम) योजना
- वर्ष के दौरान भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) की प्रमुख पहल/उपलब्धियां/कार्यक्रम निम्नानुसार हैं-

25,938 करोड़ रुपये के बजटीय परिव्यय के साथ ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट उद्योग के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का उद्देश्य उन्नत ऑटोमोटिव प्रौद्योगिकी (एएटी) उत्पादों के लिए भारत की विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाना, लागत की समस्याओं को दूर करना और एक मजबूत आपूर्ति श्रृंखला का निर्माण करना है। दिनांक 15.09.2021 को स्वीकृत यह योजना वित्त वर्ष 2023-24 से वित्त वर्ष 2027-28 की अवधि को कवर करती है, जिसमें वित्त वर्ष 2024-25 से वित्त वर्ष 2028-29 तक प्रोत्साहन शामिल है। यह योजना इलेक्ट्रिक वाहन और हाइड्रोजन ईंधन सेल घटकों के लिए 13-18 प्रतिशत और अन्य एएटी घटकों के लिए 8-13 प्रतिशत का प्रोत्साहन प्रदान करती है। प्राप्त 115 आवेदनों में से 82 को मंजूरी दी गई। इसमें 42,500 करोड़ रुपये का अनुमानित निवेश, 2,31,500 करोड़ रुपये की वृद्धिशील बिक्री और पांच वर्षों में 1.4 लाख नौकरियां शामिल हैं । सितंबर 2024 तक, 20,715 करोड़ रुपये का निवेश और 10,472 करोड़ रुपये की वृद्धिशील बिक्री हासिल की गई है, जिसमें वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पहला प्रोत्साहन संवितरण योजनाबद्ध है। प्रमुख विशेषताओं में न्यूनतम 50 प्रतिशत घरेलू मूल्य संवर्धन और घरेलू और निर्यात बिक्री दोनों के लिए पात्रता शामिल है। सितंबर 2024 तक 20,715 करोड़ रुपये का निवेश और 10,472 करोड़ रुपये की वृद्धिशील बिक्री हासिल की जा चुकी है, जिसका पहला प्रोत्साहन वितरण वित्त वर्ष 2024-25 के लिए योजनाबद्ध है। प्रमुख विशेषताओं में न्यूनतम 50 प्रतिशत घरेलू मूल्य संवर्धन और घरेलू और निर्यात बिक्री दोनों के लिए पात्रता शामिल है। 2019 में 11,500 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ शुरू की गई फेम-द्धद्ध योजना का उद्देश्य ई-2डब्ल्यूएस, ई-3 डब्ल्यूएस, ई-4 डब्ल्यूएस, ई-बसों और ईवी सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों (पीसीएस) के लिए मांग प्रोत्साहन के माध्यम से भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देना है । 31 अक्टूबर, 2024 तक, 8,844 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं, जिसमें सब्सिडी के लिए 6,577 करोड़ रुपये, पूंजीगत संपत्तियों के लिए 2,244 करोड़ रुपये और अन्य खर्चों के लिए 23 करोड़ रुपये शामिल हैं। कुल 16.15 लाख ईवी को प्रोत्साहित किया गया है: 14.27 लाख ई-2डब्ल्यूएस, 1.59 लाख ई-3डब्ल्यूएस, 22,548 ई-4डब्ल्यूएस और 5,131 ई-बसें। इसके अतिरिक्त, 10,985 ईवी पीसीएस स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 8,812 स्थापना के लिए आवंटित किए गए हैं । इस योजना में चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम शामिल है और इसने महत्वपूर्ण नीतिगत पहलों का समर्थन किया है, जैसे कि इलेक्ट्रिक वाहनों पर जीएसटी को कम करना और राज्य इलेक्ट्रिक वाहन नीतियों को सक्षम बनाना, जिससे भारत को टिकाऊ गतिशीलता की ओर बढ़ने में मदद मिलेगी। 10,900 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ 29 सितंबर, 2024 को अधिसूचित पीएम ई-ड्राइव योजना 1 अक्टूबर, 2024 से 31 मार्च, 2026 तक ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा देने और ईवी विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने के लिए कार्यान्वित की जा रही है। आवंटन में 28 लाख ई-2डब्ल्यूएस, ई-3डब्ल्यूएस, ई-एम्बुलेंस और ई-ट्रकों को प्रोत्साहित करने के लिए सब्सिडी के लिए 3,679 करोड़ रुपये शामिल हैं; सार्वजनिक परिवहन एजेंसियों द्वारा 14,028 ई-बसों की खरीद के लिए 4,391 करोड़ रुपये; ई-4डब्ल्यूएस के लिए 22,100 फास्ट चार्जर, ई-बसों के लिए 1,800 फास्ट चार्जर और ई-2डब्ल्यूएस/3डब्ल्यूएस के लिए 48,400 फास्ट चार्जर स्थापित करने के लिए 2,000 करोड़ रुपये; टेस्टिंग एजेंसियों को उन्नत करने के लिए 780 करोड़ रुपये; ई-एम्बुलेंस और ई-ट्रक तैनात करने के लिए 500-500 करोड़ रुपये और प्रशासनिक खर्च के लिए 50 करोड़ रुपये । 20 नवंबर, 2024 तक इस योजना के तहत 600 करोड़ रुपये के दावे प्रस्तुत किए गए हैं, जिनमें से 332 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं । भारत में इलेक्ट्रिक यात्री कारों (एसएमईसी) के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना 15 मार्च, 2024 को अधिसूचित होने वाली इस योजना का उद्देश्य वैश्विक निवेश आकर्षित करना, भारत को इलेक्ट्रिक वाहनों (ई-4डब्ल्यूएस) के विनिर्माण केंद्र के रूप में बढ़ावा देना और घरेलू मूल्य संवर्धन (डीवीए) को बढ़ावा देना है । स्वीकृत आवेदकों को तीन वर्षों के भीतर न्यूनतम 4,150 करोड़ रुपये (500 मिलियन अमरीकी डॉलर) का निवेश करना होगा, इस अवधि के दौरान 25 प्रतिशत डीवीए और पांच वर्षों के भीतर 50 प्रतिशत डीवीए प्राप्त करना होगा। यह योजना कम सीमा शुल्क पर ई-4डब्ल्यूएस के सीमित आयात की अनुमति देती है, जिसकी सीमा प्रति वर्ष 8,000 वाहनों तक है, जिसमें प्रति आवेदक कुल छूट शुल्क 6,484 करोड़ रुपये या प्रतिबद्ध निवेश तक सीमित है। आईएफ्सीआई को परियोजना प्रबंधन एजेंसी (पीएमए) के रूप में नियुक्त किया गया है और दो हितधारक परामर्श आयोजित किए गए हैं । विस्तृत दिशा-निर्देश विकसित किए जा रहे हैं और 2025 में अधिसूचित किए जाएंगे । यह योजना डीवीए अनुपालन, ई-4डब्ल्यूएस के लिए उन्नत प्रदर्शन मानदंड और एआरएआई, आईसीएटी और जीएआरसी जैसी मान्यता प्राप्त एजेंसियों द्वारा परीक्षण के साथ एक अंतर-मंत्रालयी मंजूरी समिति के माध्यम से समन्वय पर जोर देती है । यह पहल मेक इन इंडिया के लिए है, जो पीएलआई-ऑटो योजना के साथ एकीकरण करते हुए स्वदेशी विनिर्माण और रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करती है । 28 अक्टूबर, 2024 को 3,435.33 करोड़ रुपये के कुल वित्तीय परिव्यय के साथ अधिसूचित पीएम ई-बस सेवा - भुगतान सुरक्षा तंत्र (पीएसएम) योजना का उद्देश्य सकल लागत अनुबंध (जीसीसी) या इसी तरह के मॉडल के तहत ई-बस खरीद और संचालन के लिए सार्वजनिक परिवहन प्राधिकरणों द्वारा डिफ़ॉल्ट के मामले में ओईएम/ऑपरेटरों के लिए भुगतान सुरक्षा सुनिश्चित करना है। 12 वर्षों तक के लिए 38,000 या अधिक ई-बसों को कवर करने वाली इस योजना में भुगतान न करने की स्थिति में धनराशि वापस पाने के लिए आरबीआई के साथ एस्क्रो खाते और डायरेक्ट डेबिट मैंडेट्स (डीडीएम) जैसे तंत्र शामिल हैं । पीटीए को 90 दिनों के भीतर वितरित धनराशि चुकाने की आवश्यकता होती है। एमएचआई ने सीईएसएल को कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में नामित किया है और निगरानी के लिए एक संचालन समिति का गठन किया है । अब तक योजना अधिसूचनाएं, दिशानिर्देश और पीटीए और राज्य सरकारों सहित हितधारकों के साथ संचार जारी किए गए हैं और कार्यान्वयन के लिए एसओपी को अंतिम रूप देने के लिए 21 नवंबर, 2024 को एक परामर्श बैठक आयोजित की गई थी । यह योजना निजी निवेश को बढ़ावा देकर और ई-बस अपनाने में जोखिम प्रबंधन को बढ़ावा देकर टिकाऊ शहरी गतिशीलता का समर्थन करती है ।

**भारत में उन्नत रसायन सेल (एसीसी) बैटरी भंडारण के लिए उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना:**

सरकार ने भारत में एडवांस केमिस्ट्री सेल (एसीसी), बैटरी स्टोरेज के लिए विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करने के लिए 7 वर्षों के लिए 18,100 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को मंजूरी दी है। इस योजना का उद्देश्य भारत की विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाना है और भारत में प्रतिस्पर्धी एसीसी बैटरी सेट-अप स्थापित करने के लिए बड़ी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को प्रोत्साहित करना है । योजना के तहत चयनित तीन लाभार्थी फर्मों ने 30 गीगावॉट एसीसी क्षमता की विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करने के लिए पीएलआई एसीसी योजना को लागू करने के लिए कार्यक्रम समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं । कार्यान्वयन फर्मों द्वारा किया जाने वाला कुल अनुमानित निवेश 30 गीगावॉट क्षमता के लिए लगभग 14,810 करोड़ रुपये है। यह योजना दिसंबर 2024 तक की अवधि के लिए तैयार है और लाभार्थी फर्म अपनी विनिर्माण सुविधाएं स्थापित कर रही हैं। तमिलनाडु के कृष्णागिरी में ओला सेल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 1 गीगावॉट क्षमता का पायलट प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है । लाभार्थी कंपनियों द्वारा 31.10.2024 तक कुल 1505 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है और 863 लोगों को रोजगार मिला है ।सचिवों के अधिकार प्राप्त समूह (ईजीओएस) की सिफारिश के अनुसार, एमएचआई ने प्रौद्योगिकी-अज्ञेय एसीसी विनिर्माण के लिए 10 गीगावाट घंटा क्षमता की पुन: बोली शुरू की। बोली प्रक्रिया पूरी हो गई है और एमएचआई ने 06/09/2024 को शेष 10 गीगावाट घंटा क्षमता के लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड को लेटर ऑफ अवार्ड (एलओए) जारी किया और आरआईएल ने 09/09/2024 को एलओए स्वीकार कर लिया । इसके अलावा, जुलाई 2024 में ईजीओएस की सिफारिश के अनुसार, एमएचआई ने नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के लिए ग्रिड स्केल स्टेशनरी स्टोरेज (जीएसएसएस) अनुप्रयोगों के लिए शेष 10 गीगावाट घंटे क्षमता के लिए बोली दस्तावेजों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया शुरू की ।

**पूंजीगत वस्तु योजना की उपलब्धियां**

कोयंबटूर के सिटार्क ने कैपिटल गुड्स स्कीम के तहत स्वदेशी रूप से 6 इंच का बीएलडीसी सबमर्सिबल पंप विकसित किया है, जिसकी मोटर दक्षता 88 प्रतिशत और पंप दक्षता 78 प्रतिशत है । यह पहल ऐसे पंपों के आयात को 80 प्रतिशत तक कम करके आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देती है। इस नवाचार को संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन (यूएनआईडीओ) द्वारा पंप श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ उत्पाद के रूप में मान्यता दी गई थी । सीएमटीआई ने 450 आरपीएम तक धागा बुनने में सक्षम हाई स्पीड रैपियर लूम मशीन विकसित की है। अब इस मशीन का उत्पादन मेसर्स लक्ष्मी रैपियर लूम प्राइवेट लिमिटेड, सूरत द्वारा शुरू किया गया है और इस मशीन को इटली के मिलान में आईटीएमए 2023 में भी लॉन्च किया गया । इस परियोजना के तहत 1.2 लाख रुपये की लागत से एक स्वदेशी बुनाई नियंत्रक विकसित किया गया है, जो पहले विदेशी निर्माताओं द्वारा 8.5 लाख रुपये की लागत से बनाया जाता था । सीएमटीआई के समर्थ केंद्र के अंतर्गत टोयोटा इंजन विनिर्माण लाइन में इंडस्ट्रियल इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईआईओटी) तकनीक लागू की गई है, जो निवारक रखरखाव के लिए 64 मशीनों को नियंत्रित करती है। इससे हमारे उद्योगों की आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन की दक्षता बढ़ाने में मदद मिलेगी । भारत में यह पहली बार है कि एमएचआई के तत्वावधान में एआरएआई, पुणे में बैटरी और बैटरी प्रबंधन प्रणाली (बीएमएस) के लिए परीक्षण सुविधाएं स्थापित की गई हैं। इससे ईवी क्षेत्र में स्वदेशीकरण के लिए अवसर मिलेगा । भारतीय विनिर्माण कंपनियों के लिए विशिष्ट उद्योग 4.0 परिपक्वता और तत्परता मूल्यांकन उपकरण का विकास जिसे उद्योग 4.0 परिपक्वता मॉडल (द्ध4एमएम) कहा जाता है । इस कार्यक्रम के तहत, सी4आई4 ने कई विनिर्माण उद्योगों के लिए मूल्यांकन किया है; सी4आई4 लैब, पुणे ने स्व-मूल्यांकन के उद्देश्य से 'नि:शुल्क ऑनलाइन मूल्यांकन टूल' लॉन्च किया, जिससे एमएसएमई को उद्योग 4.0 को अपनाने में तेजी लाने के लिए उद्योग 4.0 की यात्रा में उनकी परिपक्वता के स्तर को समझने में मदद मिल सके। आई-4.0 इंडिया द्वारा आईआईएससी, बेंगलुरु में डिजिटल ट्विन, वर्चुअल रियलिटी, रोबोटिक्स, निरीक्षण, स्थिरता, एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग आदि में 6 स्मार्ट टेक्नोलॉजीज, 5 स्मार्ट टूल्स, 14 समाधान विकसित किए गए; इन-हाउस विकसित प्रौद्योगिकी और मॉड्यूल, मशीन टूल कंडीशन मॉनिटरिंग ईडीजीई डिवाइस को सीएमटीआई, बेंगलुरु द्वारा भारत के एमएसएमई, मेसर्स एएमएस-इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को हस्तांतरित कर दिया गया है । एआरएआई-एडवांस्ड मोबिलिटी ट्रांसफॉर्मेशन एंड इनोवेशन फाउंडेशन (एएमटीआईएफ) में इंडस्ट्री एक्सेलेरेटर के तहत एक उच्च-वोल्टेज मोटर नियंत्रक विकसित किया गया, जिसने उद्योग साझेदार रैप्टी एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड को इलेक्ट्रिक कार डीएनए के साथ एक उच्च-वोल्टेज मोटरसाइकिल लॉन्च करने में सक्षम बनाया। एआरएआई-एडवांस्ड मोबिलिटी ट्रांसफॉर्मेशन एंड इनोवेशन फाउंडेशन (एएमटीआईएफ) में इंडस्ट्री एक्सेलेरेटर के तहत थर्मली स्टेबल सोडियम-आयन बैटरियां विकसित की गईं । इनका उपयोग इंडस्ट्री पार्टनर रिचार्ज ऑन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सोडियम-आयन बैटरियों के निर्माण के लिए अपने पायलट प्लांट के उद्घाटन के दौरान किया गया।

**अन्य पहल**

भारी उद्योग मंत्रालय ने 16.01.2024 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में भारी उद्योग मंत्री डॉ. महेंद्रनाथ पांडे की अध्यक्षता में एक पीएलआई-ऑटो कॉन्क्लेव का आयोजन किया, जिसमें ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट उद्योग के लिए पीएलआई योजना की मुख्य विशेषताओं पर प्रकाश डाला गया और हितधारकों से परामर्श किया गया । पीएलआई ऑटो कॉन्क्लेव के दौरान भारी उद्योग और बिजली राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर भी मौजूद थे। इस कार्यक्रम के दौरान योजना के तहत स्वीकृत वाहनों को भी प्रदर्शित किया गया । कॉन्क्लेव में मंत्री ने हितधारकों से ऑटो उद्योग में स्वदेशीकरण को बढ़ाने का आग्रह किया, जिससे आत्मनिर्भर भारत का मार्ग प्रशस्त हो सके । भारी उद्योग मंत्री डॉ. महेंद्रनाथ पांडे ने 'भेल दिवस' के अवसर पर उत्तर प्रदेश के नोएडा में नवनिर्मित 'भेल सदन' का उद्घाटन किया । इस अवसर पर भारी उद्योग एवं विद्युत राज्य मंत्री श्री कृष्णपाल गुर्जर, एमएचआई और बीएचईएल के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर मंत्री ने बीएचईएल से राष्ट्र को बेहतर सेवाएं देने के लिए अपने विविधीकरण प्रयासों को जारी रखने का आग्रह किया । भारी उद्योग मंत्री ने 7 फ्रवरी 2024 को संसद भवन एनेक्सी, नई दिल्ली में भारी उद्योग मंत्रालय के लिए परामर्शदात्री समिति की बैठक की अध्यक्षता की जिसका विषय था भारी उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत पीएसयू की भूमिका - नई तकनीक के युग में। भारी उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत चयनित सीपीएसई अर्थात मेसर्स भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल), इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड (ईपीआईएल) और इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड (आईएल) ने समिति के समक्ष प्रस्तुतियां दीं और माननीय सदस्यों के सुझावों पर गौर किया । भेल और कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के बीच एक संयुक्त उद्यम (जेवी) समझौते पर 28 फ्रवरी 2024 को हस्ताक्षर किए गए , ताकि बीएचईएल की आंतरिक रूप से विकसित पीएफ्बीजी प्रौद्योगिकी का उपयोग करके संयुक्त रूप से एक कोयला गैसीकरण परियोजना स्थापित की जा सके । केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री ने 4 मार्च 2024 को तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में भेल की विनिर्माण इकाई का दौरा किया। इस अवसर पर, केंद्रीय मंत्री ने बीएचईएल से वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राप्त कई नई ताप विद्युत परियोजना के आदेशों के मद्देनजर उत्पादन गतिविधियों को बढ़ाने और संगठन के विकास और राष्ट्र को बेहतर सेवाएं देने के लिए विविधीकरण के प्रयासों को जारी रखने का आग्रह किया । 13 मार्च 2024 को भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की (आईआईटी रुड़की) ने भारी उद्योग मंत्री डॉ. महेंद्रनाथ पांडे और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की मौजूदगी में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य ऑटोमोटिव और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्षेत्र में नवाचार और उन्नत तकनीक के लिए मिलकर काम करना है । यह समझौता ज्ञापन, भारी उद्योग मंत्रालय के भारतीय पूंजीगत वस्तु क्षेत्र में प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने की योजना के दूसरे चरण के तहत आईआईटी रुड़की में उत्कृष्टता केंद्र बनाने के लिए उन्नत पहल शुरू करने के लिए एक संयुक्त प्रयास का प्रतिनिधित्व करता है, जिसका बजट परिव्यय लगभग 25 करोड़ रुपये है । नैट्रेक्स, इंदौर, नेशनल ऑटोमोटिव बोर्ड (एमएचआई के तहत एक स्वायत्त निकाय) के तहत एक परीक्षण एजेंसी ने 27 अप्रैल 2024 को नैट्रेक्स इंदौर में भारतीय परीक्षण एजेंसियों की वैश्विक उपस्थिति वे फॉरवर्ड विषय पर एकदिवसीय सम्मेलन आयोजित किया । सम्मेलन के दौरान परीक्षण एजेंसियों की वैश्विक उपस्थिति बढ़ाने के उद्देश्य से तीन समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया। इस सम्मेलन में कुल 150 प्रतिनिधियों ने भाग लिया । भेल ने कोयला गैसीकरण से सीओ2 कैप्चर के स्वदेशी विकास और डाइ-मिथाइल ईथर (डीएमई) में रूपांतरण के लिए 19 अप्रैल 2024 को सीएसआईआर-आईआईसीटी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए । भेल ने गैर-थर्मल क्षेत्र में अपनी व्यावसायिक क्षमता बढ़ाने के लिए रेलवे सिग्नलिंग व्यवसाय के लिए 30 अप्रैल 2024 को मेसर्स एचआईएमए मिडिल ईस्ट एफ्जेडई, दुबई (एचआईएमए पॉल हिल्डेब्रांट जीएमबीएच, जर्मनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) के साथ एक रणनीतिक साझेदारी समझौता किया है । भेल ने हाइड्रोजन उत्पादन के लिए 50 केडब्ल्यू एल्कलाइन इलेक्ट्रोलाइजर सिस्टम के लिए 27.05.2024 को भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) के साथ प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौता किया । इससे बीएचईएल को एमएनआरई द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के तहत हाइड्रोजन इलेक्ट्रोलाइजर विनिर्माण के ट्रांश-द्धद्ध के लिए एसआईजीएचटी कार्यक्रम में भाग लेने में मदद मिलेगी । दिनांक 28.05.2024 को भारत कोल गैसीफिकेशन एंड केमिकल्स लिमिटेड के रूप में एक संयुक्त उद्यम (जेवी) स्थापित किया गया है, जिसका उद्देश्य कोयला गैसीफिकेशन के व्यवसाय में शामिल होकर मध्यवर्ती उत्पादों के रूप में सिंथेटिक गैस, अमोनिया और नाइट्रिक एसिड तथा अंतिम उत्पाद के रूप में अमोनियम नाइट्रेट का उत्पादन करना है । यह संयुक्त उद्यम कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के साथ है, जिसमें सीआईएल की 51 प्रतिशत और बीएचईएल की 49 प्रतिशत इक्विटी है । 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 समारोह के एक भाग के रूप में, एमएचआई ने बीएचईएल के साथ मिलकर 21 जून, 2024 को बीएचईएल, नोएडा परिसर में एक सामान्य योग प्रोटोकॉल प्रदर्शन का आयोजन किया । केंद्रीय मंत्री (एचआई और इस्पात), श्री एचडी कुमारस्वामी ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस कार्यक्रम में सचिव के साथ-साथ मंत्रालय और बीएचईएल के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया । एमएचआई ने सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआईएएम) के साथ मिलकर 17 जुलाई 2024 को 'चार्जिंग अहेड-ईवी-रेडी वर्कफोर्स को सशक्त बनाना' कार्यशाला का आयोजन किया। केंद्रीय मंत्री (एचआई और इस्पात), श्री एचडी कुमारस्वामी ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की । कार्यशाला में बढ़ते इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग के लिए कुशल कार्यबल तैयार करने के महत्व पर ध्यान केंद्रित किया गया। प्रतिभागियों को देश के दीर्घकालिक स्थिरता उद्देश्यों के साथ संरेखित स्वच्छ ऊर्जा समाधानों की ओर संक्रमण में योगदान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया । केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री द्वारा व्यक्त किए गए नेट जीरो 2070 विजन को प्राप्त करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की । सीपीएसई के अपने मूल उद्देश्यों को पूरा करने की दिशा में उनकी प्रभावकारिता का मूल्यांकन करने, उनकी प्रगति और उपलब्धियों का आकलन करने के मंत्रालय के चल रहे प्रयासों के एक हिस्से के रूप में, एमएचआई ने 30 अगस्त, 2024 को केंद्रीय मंत्री (एचआई और इस्पात), श्री एचडी कुमारस्वामी की अध्यक्षता में विज्ञान भवन में अपने परिचालन केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) की 'वार्षिक प्रदर्शन समीक्षा ' पर एक सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन में सीपीएसई के सीएमडी और निदेशक मंडल (स्वतंत्र निदेशकों सहित) ने भाग लिया। सम्मेलन के दौरान, सभी सीएमडी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 की पहली तिमाही (अर्थात अप्रैल से जून) के लिए अपने सीपीएसई के परिचालन और वित्तीय प्रदर्शन को प्रस्तुत किया। सीएमडी ने अपने सीपीएसई के लिए दक्षता सुधार, लाभप्रदता वृद्धि, व्यापार विस्तार, आधुनिकीकरण और आगे के रास्ते के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धियों और प्रमुख पहलों के बारे में भी जानकारी दी । केंद्रीय इस्पात मंत्री ने 22 अगस्त, 2024 को प्रमुख हितधारकों को एक साथ लाने के लिए 'ई-मोबिलिटी, कैपिटल गुड्स एंड वे फॉरवर्ड' शीर्षक से एक पोस्ट बजट वेबिनार की अध्यक्षता की, जिसका उद्देश्य समयबद्ध तरीके से बजट घोषणाओं को लागू करना था । हर घर तिरंगा卐 कार्यक्रम गृह मंत्रालय और उसके केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई)/स्वायत्त निकायों (एबी) द्वारा 13 से 15 अगस्त, 2024 के दौरान बड़े उत्साह और जोश के साथ सफ्लतापूर्वक मनाया गया ।

स्वच्छता पखवाड़ा 2024 को गृह मंत्रालय और उसके सीपीएसई/एबी द्वारा 16 से 31 अगस्त , 2024 तक सफ्लतापूर्वक मनाया गया । बीएचईएल ने ई-मोबिलिटी और रक्षा अनुप्रयोगों के लिए 85 किलोवाट एक्सियल फ्लक्स परमानेंट मैग्नेट (पीएम) आधारित मोटर का सफ्लतापूर्वक विकास किया है। यह तकनीक आकार और वजन में पर्याप्त कमी प्रदान करती है और ई-बस के लिए एआरएआई प्रमाणित है । इसका प्रदर्शन नौसेना डॉकयार्ड, विजाग में भारतीय नौसेना के समक्ष भी प्रदर्शित किया गया है । भेल ने अणु विद्युत परियोजना (जीएचएवीपी), गोरखपुर, हरियाणा में परमाणु ऊर्जा संयंत्र के लिए भाप जनरेटर की आपूर्ति की है। उल्लेखनीय बात यह है कि यह भेल द्वारा आपूर्ति किया गया 45वां भाप जनरेटर है, जो भारत में किसी भी निर्माता द्वारा आपूर्ति किया गया सबसे अधिक है । एमएचआई ने 18 सितंबर, 2024 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में 卐भारत के ईवी परिदृश्य को बदलने में फेम की सफ्लता: दृष्टि से वास्तविकता तक卐 शीर्षक से एक कार्यक्रम का आयोजन किया। केंद्रीय मंत्री (एचआई और इस्पात), श्री एचडी कुमारस्वामी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और ओईएम और हितधारकों को फेम-द्धद्ध योजना में उनकी भागीदारी और योगदान के लिए सम्मानित किया, जो देश में इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने को बढ़ावा देने में बेहद सफ्ल रही है ।

वृक्षारोपण अभियान श्एकद्धपेड्ड्माँद्धकेद्धनाम और 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के एक हिस्से के रूप में, 21 सितंबर, 2024 को सीमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड आवासीय टाउनशिप, बोकाजन, असम में केंद्रीय मंत्री (एचआई और इस्पात) के नेतृत्व में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया । उल्लेखनीय है कि एमएचआई ने अपने केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई)/स्वायत्त निकायों (एबी) के साथ मिलकर पूरे देश में सितंबर, 2024 तक 95 हजार से अधिक पौधे लगाए हैं । इसके अलावा, 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत 333 से अधिक स्वच्छता गतिविधियाँ आयोजित की गईं और एमएचआई और उसके सीपीएसई/एबी द्वारा 63 से अधिक स्वच्छता लक्ष्य इकाइयों (सीटीयू) को सफाई के लिए लिया गया, जिसका उद्देश्य इन उपेक्षित/चुनौतीपूर्ण स्थानों को बदलना है, जिन्हें अक्सर ब्लैक स्पॉट कहा जाता है, उन्हें स्वच्छ और स्वस्थ स्थानों में बदलना है ।

ईपीसी आधार पर बीएचईएल द्वारा निर्मित, बेंगलुरु में '370 मेगावाट येलहांका संयुक्त चक्र विद्युत संयंत्र' का उद्घाटन 24 सितंबर, 2024 को कर्नाटक के मुख्यमंत्री द्वारा किया गया ।

बीएचईएल के सीएमडी ने 18 सितंबर, 2024 को केंद्रीय इस्पात मंत्री को वर्ष 2023-24 के लिए लाभांश के रूप में 55 करोड़ रुपये का चेक भेंट किया ।

## भिलाई-चरौदा निगम से वर्ष के अंतिम दिवस सेवानिवृत्त कर्मचारी को दी गयी कार्य से विदाई



**कर्मचारियों ने वरिष्ट सहायक राजस्व निरीक्षक अनिल सिंह को शाल श्रीफल सहित अन्य उपहार देकर उनका सम्मान किया**

**भिलाई ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा कार्यालय में विगत 06 वर्षो से अपनी सेवाएं दे रहे श्री अनिल सिंह को उनके अंतिम कार्य दिवस 31-12-2024 दिन मंगलवार को कार्यस्थल से विदाई दी गयी। इस कार्यक्रम में संस्था के प्रशासनिक प्रमुख कमिश्नर डी.एस.राजपुत ने माला पहनाकर सेवानिवृत्त हो रहे श्री सिंह को सम्मानित किया। निगम आयुक्त ने कहा कि नौकरी से एक दिन हम सभी को रिटायर्ड हो जाना है, जैसा कि सरकारी निगम है लेकिन हमें यह याद रखना है कि हमने अपने परिवारजनों के जितना हो समय अपने सहकर्मियों के साथ भी बिताया है।

यही कारण है कि सेवानिवृत्ती का क्षण बेहद भावुक होता है। कार्यपालन अभियंता सुनील जैन एवं सहायक राजस्व अधिकारी श्रीमती अरूणिमा दुबे ने भी श्री अनिल सिंह को भविष्य के जीवन के लिए शुभकामनाएं देकर उनका अभिनंदन किया।

आज विदाई समारोह कार्यक्रम में कर्मचारी संघ के अध्यक्ष श्री राम अवतार साहू ने संचालन करते हुए श्री अनिल सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला और इस दौरान श्री राजू वर्मा सहायक ग्रेड-01, श्री ललित चन्द्राकर सहायक राजस्व निरीक्षक, श्री भागवत निर्मलकर सहायक राजस्व निरीक्षक, श्री दिलीप देवांगन सहायक राजस्व निरीक्षक, श्रीमती अभिलाषा श्रीवास्तव सहायक ग्रेड-2, श्रीमती सरोजनी यदु सहायक राजस्व निरीक्षक, श्री पदुम देशलहरे सहायक राजस्व निरीक्षक, श्रीराम चन्द्र निषाद, सहायक राजस्व निरीक्षक श्री दुष्यंत चतुर्वेदी सहायक राजस्व निरीक्षक, श्रीमती चन्द्रकांती, श्रीमती टी. कामेश्वरी सहायक ग्रेड-3, पुरानिक साहू, बसंत वर्मा समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज के साक्षात तीन बार दर्शन करने वाली सर्वोच्च जैन साध्वी गणिनी प्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी



**अयोध्या/उ.प्र. ( विश्व परिवार )।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद, कोल्हापूर के कार्याध्यक्ष श्री अभिषेक अशोक पाटील ने बताया की गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी ससंघ अयोध्या (उ. प्र.) में विराजमान हैं। जैनशासन के वर्तमान व्योम पर छिटके नक्षत्रों में दैदीप्यमान सूर्य की भाँति अपनी प्रकाश-रश्मियों को प्रकीर्णित कर रहीं पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी जिन्होने आचार्य श्री शांतिसागर महाराज जी के तीन बार दर्शन किए हैं-1. नीरा (महाराष्ट्र ) में सन् 1954 में, 2. बारामती (महा.) में सन् 1955 में, 3. कुंथलगिरि सिद्धक्षेत्र (महा.) में सन् 1955 में सल्लेखना के समय।

सन् 1955 में आचार्य श्री शांतिसागर महाराज जी ने कुंथलगिरि में देशभूषण-कुलभूषण जी की प्रतिमा के समक्ष 12 वर्ष की सल्लेखना ली थी। ज्ञानमती माताजी उस समय क्षुल्लिका अवस्था में वीरमती माताजी थी, कुंथलगिरि में एक माह आचार्यश्री के श्रीचरणों में रहीं। क्षुल्लिकावस्था में आचार्य श्री की प्रत्यक्ष सल्लेखना तो देखी ही है, साथ ही उनके श्रीमुख से अनेक अनुभव वाक्य भी प्राप्त किए हैं। ज्ञानमती माताजी (क्षुल्लिका विरमती) ने आचार्य श्री शांतिसागर महाराज जी से आर्यिका दीक्षा की याचना की थी। किन्तु आचार्य श्री ने कहा था कि मैंने सल्लेखना ले ली है और अब दीक्षा देने का त्याग कर दिया है। तुम मेरे शिष्य वीरसागर से आर्यिका दीक्षा लेना। अत: चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज के आदेशानुसार उन्होंने 1956 की वैशाख कृष्ण दूज को माधोराजपुरा (जयपुर-राजस्थान) में आचार्य श्री शांतिसागर जी के प्रथम शिष्य पट्टाचार्य आचार्य श्री वीरसागर जी महाराज से आर्यिका दीक्षा (महिलाओं के लिए दीक्षा की सर्वोच्च अवस्था) ली और आर्यिका ज्ञानमती बन गईं ।एवं नाम के अनुसार सारे विश्व में एक विराट साहित्य कि शृंखला का सृजन किया, जो कि न भूतो न भविष्यती। दिगम्बर साधु संत परम्परा में वर्तमान युग में अनेक तपस्वी, ज्ञानी ध्यानी सन्त हुए। उनमें आचार्य श्री शान्तिसागरजी महाराज एक ऐसे प्रमुख सन्त श्रेष्ठ तपस्वी रत्न हुए हैं, जिनकी अगाध विद्वता, कठोर तपश्चर्या, प्रगाढ़ धर्म श्रद्धा, आदर्श चरित्र और अनुपम त्याग ने धर्म की यथार्थ ज्योति प्रज्वलित की। आपने जो किया व अभूतपूर्व है। **-अभिषेक अशोक पाटील**

## नये वर्ष का स्वागत भगवान के अभिषेक के साथ करें




**विदिशा ( विश्व परिवार )।** संत शिरोमणि आचार्य गुरुदेव विद्यासागरजी महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य वरिष्ठ निर्यापक श्रमण मुनि श्री नियम सागर जी, मुनि श्री पवित्र सागर जी, मुनि श्री निरंजन सागर जी, मुनि श्री आदि सागर जी क्षु.श्री संयम सागर जी महाराज विदिशा नगर के अरिहंत विहार में विराजमान है। परम पूज्य गुरवर के सानिध्य में हम सभी को 2025 नववर्ष मनाने का सौभाग्य अवसर प्राप्त हो रहा है, अत: 1 जनवरी 2025 दिन बुधवार को प्रात:7:30 बजे श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर अरिहंत विहार कॉलोनी में भगवान श्री 1008 पारसनाथ भगवान श्री 1008 शांतिनाथ भगवान श्री1008 शीतल नाथ का महामस्तकाअभिषेक एवं शांति धारा मुनि श्री निर्यापक नियम सागर जी महाराज, के ससंघ के सानिध्य में संपन्न होगी ।इसी के साथ विदिशा नगर के सभी जिनालयों में प्रात:कालीन वेला में भगवान का मस्तकाभिषेक एवं शांतिमंत्रों के साथ शांतिधारा संपन्न होगी। सकल दि. जैन समाज के प्रवक्ता अविनाश जैन ने कहा नये वर्ष का अभिनंदन भगवान का अभिषेक एवं गुरुसानिध्य में उनके आशीर्वाद से करें। श्री सकल दि. जैन समाज एवं श्री पारसनाथ दि. जैन मंदिर अरिहंत विहार कमेटी के समस्त पदाधिकारियों ने नगर के समस्त धर्मालंबियों से अरिहंत विहार पधारने का अनुरोध किया है। **-अविनाश जैन**

## नववर्ष के प्रथम दिन 10 प्रतिशत राशि जमा करें, 10 जनवरी को लाटरी में भाग लें और पीएम आवास पाएं



**भिलाईनगर ( विश्व परिवार )।** प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोर आस घटक अंतर्गत नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत निर्मित आवासों के आबंटन हेतु किरायेदारी के रूप में निवासरत परिवारों एवं वरिष्ठ नागरिकजनन/दिव्यांगजनों से विभिन्न परियोजना स्थल वार्ड क्रमांक-01 एनार स्टेट खम्हरिया, सूर्याविहार के पीछे खम्हरिया, माईल स्टोन स्कूल के पीछे खम्हरिया, स्वप्निल बिल्डर्स कुरूद, कृष्णा इंजिनियरिंग कालेज के पीछे खम्हरिया, आम्रपाली हाउसिंग बोर्ड, अविनाश मेट्रोपालिश कोहका, ग्रीनवेली खम्हरिया अंतर्गत निर्मित/ निर्माणाधीन आवासों के आबंटन हेतु किरायेदारो से आवेदन आमंत्रित किये गये है।

उक्त आकर्षक स्थल के लिए आवास आबंटन के लिए कुल 1018 आवेदन प्राप्त हुए हैं आवेदनों की सूची अपूर्ण एवं पूर्ण दस्तावेज संलग्न कर आवेदन जमा किये आवेदकों की सूची दावा आपत्ति हेतु मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालयों के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी आवेदको से आग्रह किया है कि नगर पालिक निगम भिलाई सभी आवेदकों को आमंत्रित करता है कि 1 जनवरी नववर्ष के अवसर पर 10 प्रतिशत राशि जमा करें, 10 जनवरी को लाटरी से आबंटन होगा सभी चयनित हितग्राहियो को नववर्ष में नया सुसज्जित मकान नियमानुसार मिल जाएगा।

## मिलाई चरोदा निगम की टीम ने चाईनीज मंजा बेचने वालो पर की कार्यवाही, मंजा जप्त करने के साथ अर्थदंड भी लगाया



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर सुश्री रिचा प्रकाश चौधरी से मिले निर्देश के उपरांत नगर निगम मिलाई चरोदा प्रशासन द्वारा क्षेत्र में चाईनीज मंजा बेचने वालो पर ताबडतोड कार्यवाही को अंजाम दिया गया है ।इस संबंध में निगम कमिश्नर डी. एस. राजपूत ने स्वास्थ्य विभाग के अमले को मंजा बेचने वालों के खिलाफ त्वरित कार्यवाही करने निर्देश प्रदान किये गये। जिसके पश्चात् संपूर्ण भिलाई03 एवम चरोदा क्षेत्र की दुकानों में औचक निरीक्षण निगम की टीम द्वारा करते हुए नुकसानदायक पतंग मंजा जप्त किया गया।

यहां बता दें कि ये देखा गया है कि छोटे उम्र के बच्चों द्वारा पतंग उड़ाने और दूसरे पतंग वालो की पतंग काटने धारदार मंजे का प्रयोग कर पतंगबाजी की जाती है जिसके कई बार बेहद गंभीर परिणाम देखे गये है। कही हाथ कट जाना, तो कही गले में मंजा लगने से गले पर गंभीर चोट लग जाना। ना जाने कितने ही मामलो में मंजे के कारण लोगो का चोटिल होना देखा सुना पाया गया है जिसके कारण जिला प्रशासन से मिले मार्गदर्शन के अनुरूप चाईनीज मंजा बेचने वालो पर अर्थ दंड लगाकर भविष्य के लिए हिदायत दी जा रही है। विगत दिनांक निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भिलाई और चरोदा में फैंसी और जनरल समान विक्रेता दुकानदारों की सघन चेकिंग किये जाने पर 24 नग प्रतिबंधित मंजा जप्त किया गया साथ ही 2800 रु अर्थदड भी लगाया गया। निगम के स्वच्छता निरीक्षक बीनू वर्मा, सफाई दरोगा कौशल तिवारी, रायटर चंद्रिका प्रसाद साहू, सफाई सुपरवाईजर रविकुमार वर्मा सफाई सुपरवाईजर अरुण कुंजाम समेत पूरी टीम द्वारा 22 दुकान की चेकिंग की गयी।

## चाइनीज मांझा विक्रय एवं खरीदने वालों को हो सकता है 5 साल की जेल और 1 लाख का जुर्माना



**भिलाईनगर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ शासन के आदेश के परिपालन में नगर पालिक निगम भिलाई के क्षेत्र में गठित दल द्वारा लगातार चाइनीज मांझा खरीदी एवं ब्रिकी करने वालो पर कार्यवाही कर रही है। प्राय: यह देखा जा रहा है कि दुकानदार अपने थोड़े से लाभ कमाने के लिए खतरनाक चाइनीज मांझा का चोरी-छिपे विक्रय कर रहे है। चाइनीज मांझा के उपयोग से स्वयं, राहगीर, पक्षी आदि दुर्घटना के शिकार हो जाते है। कभी भी पतंग के धागे से घटनाएं होने की पूरी संभावना बनी रहती है।

नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने अधिकारियो को निर्देशित किये है, कि जो भी दुकानदार चाइनीज मांझा का बिक्री करते या कोई नागरिक इसे खरीदते दिखे तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करें एवं उनसे अर्थदण्ड की वसूली की जाए। संबंधित के पास से चाइनीज मांझा पाये जाने पर उसे तत्काल जप्त की जावे। साथ ही उन्हे समझाइस दी जाए की आपके द्वारा शासन के आदेशो का उल्लंघन करने पर 5 साल की जेल के साथ 1 लाख रूपये तक का जुर्माना या फिर दोना सजा हो सकती है। छत्तीसगढ़ के आवास एवं पर्यावरण विभाग ने चीनी धागों की खरीदी और ब्रिकी को मददेनजर रखते हुए अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित कर इसे दण्डनीय अपराध करार दिया है। जोन क्रमांक-4 क्षेत्रांतर्गत प्रतिबंधित मांझा बेचने पर 900 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई एवं मांझा धागा जप्त किया गया। समझाइस दिया गया कि नायलोन एवं चाइनीज मांझा/धागा पूर्णत: प्रतिबंधित है। इसके साथ की इण्ड्रस्टिज यूज धागा का उपयोग भी न करे। यह अंतिम समझाइस है, नहीं मानने वाले दुकानदारो का गुमशता लाईसेंस निरस्त एवं दुकान को सील बंद की कार्यवाही की जावेगी।

## भावुक पल : निगम द्वारा कर्मचारियों को दी गई विदाई

**महापौर एवं कमिश्नर ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के उज्ज्वल व सुखद भविष्य की कामना की**



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम के डाटा सेंटर में 4 कर्मचारियो सहायक राजस्व निरीक्षक बद्रीनाथ भीमगज, राजस्व निरीक्षण मन्नू लाल यादव,सफाई कामगार पूर्णिमा,सुधाकर एवं उर्मिला के रिटायरमेंट पर महापौर धीरज बाकलीवाल, कमिश्नर सुमित अग्रवाल,सभापति राजेश यादव व एमआईसी पार्षदों ने शाल श्रीफल, पुष्पमाला से सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर विदाई दी।नगर निगम डाटा सेंटर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

महापौर धीरज बाकलीवाल,कमिश्नर सुमित अग्रवाल,सभापति राजेश यादव उपआयुक्त मोहेंद्र साहू,मोहनपुरी गोस्वामी,दिनेश नेताम,गिरीश दीवान,आर.के. बोरकर,संजय मिश्रा एवं अनिल सिंह ने प्रशस्ति पत्र और उपहार भेंट करते हुए उनके द्वारा किए गये कार्यो की सराहना की। वहीं नगर निगम के अधिकारियों ने चारो सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पुष्प भेंट की।सेवा निवृत्त होने पर निगम कर्मचारियों ने अपने अनुभवों को साझा किए।

महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि अपने जीवन का आधा समय आपने निगम प्रशासन को दिया है,आने वाला समय आपका और भी बेहतर हो,निगम परिवार ऐसी कामना करता है, सेवानिवृत्त के बाद कभी भी कोई परेशानी होने पर निगम परिवार सदैव साथ होने का भरोसा उन्हें दिलाया गया।

कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को निगम के हर कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए कई उपलब्धियां हासिल किए है जिसके लिए उन्होंने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किए।इस दौरान नगर निगम कर्मचारी, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा अनिल सिंह,संजय मिश्रा, शशिकांत यादव, ईश्वर वर्मा,राजू लाल चन्द्राकर, सत्यनारायण शर्मा,रेखा कुर्रे, रुकमणी ठाकुर सहित निगम परिवार मौजुद रहे।

## एस .पी वैभव बैंकर ने सेवा निवृत्त हुए तीन पुलिस अधिकारियों कों किया सम्मानित

**साल श्रीफल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उज्जवल भविष्य की कामना**




**बलरामपुर ( विश्व परिवार )।** नव वर्ष के एक दिन पूर्व मंगलवार कों निरीक्षक नरेंद्र कुमार त्रिपाठी, सहायक उप निरीक्षक कृपा निधान पांडेय, सहायक उप निरीक्षक रामकुमार ठाकुर सेवा निवृत्त हुए। इस मौके पर उनके परिवार की मौजूदगी में एस पी कार्यालय में एस .पी वैभव बैंकर ने पुलिस अधिकारियों कों सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने सेवा निवृत्त हुए पुलिस अधिकारियों कों साल एवं साल श्रीफल के साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।

इस दौरान एस पी वैभव बैंकर ने कहा कि सेवानिवृत हो रहे तीनों पुलिस अधिकारियों ने लंबी अवधि तक विभाग में सेवायें दी। उन्होंने कर्तव्य निष्ठा के साथ सौंपे गए दायित्यों का निर्वहन किया, इनका रिकार्ड बहुत अच्छा है इनसे दूसरों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस का कार्य लोगों की भलाई और सेवा के साथ ही अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही कर सजा दिलाना होता है जिसे इन्होंने बखूबी निभाया। प्रकृत्ति का नियम है आप दूसरों के लिए अच्छा करेंगे तो आपके साथ अच्छा होगा। सेवा के बाद दूसरी पारी में परिवार के साथ समय व्यतीत कर खुश रहे। इस दौरान सेवा निवृत्त हो रहे तीनों पुलिस अधिकारियों ने अपना अनुभव साझा किया। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विश्व दीपक त्रिपाठी एवं जिला पुलिस कार्यालय व रक्षित केन्द्र के अधिकर्मचारी मौजूद रहे।

## नववर्ष उत्सव हेतु रायपुर पुलिस द्वारा जारी किये गये सख्त निर्देश

**नशेड़ियों एवं हुड़दंगियों पर रहेगी रायपुर पुलिस की निगाह, की जायेगी कड़ी कार्यवाही**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आगामी नव वर्ष आगमन के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ. लाल उमेन्द सिंह द्वारा रायपुर के विभिन्न होटल, रेस्टोरेंट, कैफे, ढ़ाबा एवं बार के साथ-साथ आम नागरिकों हेतु सख्त निर्देश जारी कर उनके कड़ाई से पालन करेन/करवाने के निर्देश दिये गये है, जिसके लिये सभी जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित राजपत्रित अधिकारियों द्वारा भी 50 से अधिक पेट्रोलिंग वाहनों में लगातार पेट्रोलिंग की जायेगी। निर्देशों की अवहेलना करना वालो के विरूद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। निर्देश निम्नानुसार है-

नव वर्ष के दौरान संचालकों द्वारा आयोजित कराने वाले समस्त कार्यक्रम की अनिवार्य रूप से अनुमति ली जावें साथ ही कार्यक्रम में कितने व्यक्ति शामिल हो रहे है, कौन सेलीब्रेटी है तथा किस प्रकार का कार्यक्रम है, की जानकारी भी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाये, उपलब्ध जानकारी के अतिरिक्त किसी प्रकार का कार्यक्रय यदि कराया पाया जाता है तो संबंधित संचालको/आयोजको के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी।

नववर्ष उत्सव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुरे रायपुर जिले 24 फिक्स पिकेट्स निर्धारित किये गये है जिनमें 600 से 700 की संख्या में पुलिस बल तैनात किया जावेगा जो नशेड़ियो एवं हुड़दंगियो पर विशेष निगाह रखेंगे तथा चेकिंग प्वाईट्स में लगाये गये है जिनमें चापरहिया एवं दोपहिया वाहनों की चेकिंग की जावेगी, पकड़ाये जाने पर संबंधितों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जावेगी।

नववर्ष की रात्रि रायपुर पुलिस द्वारा व्ही.आई.पी. रोड सहित अन्य मुख्य मार्गो में चेकिंग पाईंट लगाकर शराब का सेवन कर वाहन चलाने वालों की ब्रेथएनालाईजर से जांच की जाएगी, जो भी व्यक्ति शराब पीकर वाहन चलाते पाये जाएंगे ऐसे के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

नववर्ष में सभी बार/ होटल/ कैफे/ ढ़ाबा/ रेस्टॉरेंट के द्वारा आवश्यक रूप से माननीय न्यायलय के मानको का पालन किया जावे समस्त कार्यक्रम में डी.जे. पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा, माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी कोलाहल अधिनियम के मानको की अवहेलना करते पाये जाने पर संबंधित बार/होटल/कैफे/ढ़ाबा/रेस्टॉरेंट के विरूद्ध कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही की जावेगी।

होटल, रेस्टोरेंट, कैफे, ढ़ाबा एवं बार के बाहर यातायात की सुगम व्यवस्था उपलब्ध कराना होटल, रेस्टॉरेंट, कैफे, ढ़ाबा एवं बार की जिम्मेदारी होगी जिससे यातायात प्रभावित न हो। मुख्य मार्ग अथवा सर्विस रोड में वाहनों की पार्किंग कराते पाये जाने पर संबंधितों के विरूद्ध यातायात नियमों के तहत कड़ी कार्यवाही की जावेगी।

आउटर क्षेत्र के सभी बार/होटल/ढाबा आवश्यक तौर पर नववर्ष के दिन रात्रि 12.30 बजे से 01.00 बजे तक बंद हो जावे, नही होने पर कार्यवाही की जावेगी।

ऐसे संस्थानों के बाहर सार्वजनिक स्थानों अथवा चारपहिया वाहनों के अंदर बैठकर लोगों को शराब का सेवन करता पाये जाने पर संबंधित व्यक्ति एवं संस्थान के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी।

कैफे, ढाबों, होटलों के बाहर पार्किंग में या रोड में गाड़िया खड़ी होती है, जहाँ लोग शराब पीते है (कैफे, ढाबों, होटलों के प्रश्रय से) चखना/स्नेक्स की सप्लाई करायी जाती है। कुछ पर पिछले दिनों कार्यवाही भी हुई है।

कार्यक्रम स्थलों में कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम आवश्यक रूप से रखेंगे एवं बाउंसर्स की वयवस्था करेंगे एवं स्थलों में किसी भी प्रकार से हुडदंग नही होना चाहिये, होने पर संबंधितों एवं आयोजकों पर कार्यवाही की जावेगी।

कार्यक्रम स्थल में किसी भी प्रकार का नशीला पदार्थ जैसे हुक्का, गांजा अथवा अन्य नशीली पदार्थ पाये जाने पर ऐसे संचालकों के विरूद्ध कार्यवाही करने के साथ ही उनका लायसेंस भी निरस्त किया जायेगा।

## एनआईटी रायपुर में कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा विभिन्न कार्यशालाओं और सर्टिफिकेट कोर्स का किया जाएगा आयोजन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** एनआईटी रायपुर में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा विभिन्न कार्यशालाओं और सर्टिफिकेट कोर्स का आयोजन किया जाएगा। विभाग द्वारा 6 जनवरी से 7 मार्च 2025 तक साइबर फिजिकल सिस्टम (सीपीएस) विषय पर हाइब्रिड मोड में 45 दिन के सर्टिफिकेट कोर्स, 13 जनवरी से 29 जनवरी 2025 तक डेटा साइंस एंड इट्स एप्लीकेशन पर 15 दिन की ऑनलाइन कार्यशाला, और 27 जनवरी से 12 फरवरी 2025 तक एथिकल हैकिंग एंड डिजिटल फोरेंसिक्स पर 15 दिन की कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इन कार्यशालाओं के मुख्य संरक्षक एन आई टी रायपुर के निदेशक डॉ. एन.वी. रमना राव होंगे। इन कार्यक्रमों की अध्यक्षता कंप्यूटर साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप सिंह द्वारा की जाएगी। डेटा साइंस एंड इट्स एप्लीकेशन कार्यशाला के समन्वयक डॉ. आकांक्षा शराफ, डॉ. जितेंद्र कुमार राउत और डॉ. नितेश के. भारद्वाज होंगे। एथिकल हैकिंग और डिजिटल फोरेंसिक्स पर आयोजित कार्यशाला के समन्वयक डॉ प्रदीप सिंह, डॉ. आकांक्षा शराफ, और डॉ. नितेश के. भारद्वाज हैं। इसके अतिरिक्त साइबर फिजिकल सिस्टम (सीपीएस) पर आधारित सर्टिफिकेट कोर्स के समन्वयक डॉ मनु वर्धन, डॉ. नितेश के. भारद्वाज और डॉ मधुकृष्णा प्रियदर्शिनी है। कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित इन आकर्षक कार्यशालाओं और सर्टिफिकेट कोर्स से सम्बंधित अन्य जानकारी संस्थान की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। यह सभी कार्यक्रम भाग लेने वाले प्रतिभागियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए हर दिन शाम 5 बजे के बाद संचालित किये जाएंगे, ताकि ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थी और इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स इस कार्यक्रम से जुड़कर इसका लाभ उठा सकें।

साइबर-फिजिकल सिस्टम्स (सीपीएस) पर आधारित पाठ्यक्रम इस क्षेत्र की व्यापक समझ प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो ए.आई. के माध्यम से ऑटोमेशन पर ध्यान केंद्रित करता है और केस स्टडी अनुभव प्रदान करता है। पाठ्यक्रम के प्रमुख विषयों में CPS गणना प्लेटफ़ॉर्म, रीयल-टाइम सेंसिंग, संचार, हमले का पता लगाना, सुरक्षा ढांचे आदि शामिल हैं। यह पाठ्यक्रम छात्रों को CPS के रोमांचक क्षेत्र में करियर बनाने के लिए तैयार करने का लक्ष्य रखता है। इस कोर्स के रजिस्ट्रेशन हेतु https://forms.gle/owEBt{hC}PyCiUGi8 का प्रयोग कर सकते हैं।

डेटा साइंस और इसके अनुप्रयोगों पर 15 दिन की ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यशाला प्रतिभागियों को डेटा साइंस सिद्धांतों और इसके वास्तविक जीवन अनुप्रयोगों, जैसे डेटा प्री-प्रोसेसिंग, मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग और निर्णय-निर्माण प्रक्रियाओं की गहरी समझ प्रदान करने का उद्देश्य रखती है। यह कार्यक्रम छात्रों, शोधकर्ताओं और शिक्षकों के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस कोर्स के रजिस्ट्रेशन हेतु https://forms.gle/eg}}tXYa{MT{Ai279 का प्रयोग करें।

इसी तरह एथिकल हैकिंग और डिजिटल फोरेंसिक्स पर 15 दिन की ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यशाला साइबर सुरक्षा में रूचि रखने वालों को सुरक्षा संवेदनशीलताओं, शोषणों और डिजिटल फोरेंसिक्स को कानूनी और नैतिक तरीके से पहचानने की ट्रेनिंग देने पर केंद्रित होगी। यह कार्यक्रम उन लोगों के लिए है जो साइबर सुरक्षा और डिजिटल फोरेंसिक्स में करियर बनाना चाहते हैं। इसके विषयों में फोरेंसिक जांच, ओएसएनआईटी टूल्स, पेनिट्रेशन टेस्टिंग आदि शामिल हैं। इस कोर्स के रजिस्ट्रेशन हेतु https://forms.gle/CXMJVMPwiSbRzmgx6 का प्रयोग कर सहभागिता सुनिश्चित की जा सकती है।

## व्यापार समाचार

### टॉप ऑफिसर के इस्तीफे के बाद ओला इलेक्ट्रिक के शेयर टूटे

**मुंबई( एजेंसी )।** चीफ मार्केटिंग ऑफिसर अंशुल खंडेलवाल और चीफ टेक्नोलॉजी एंड प्रोडक्ट ऑफिसर सुवोनिल चटर्जी के इस्तीफे की घोषणा के बाद ओला इलेक्ट्रिक के शेयर में 3 फीसदी की गिरावट आई. कंपनी के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर अंशुल खंडेलवाल और चीफ टेक्नोलॉजी एंड प्रोडक्ट ऑफिसर सुवोनिल चटर्जी ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए 27 दिसंबर से अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है. दोनों टॉप स्तर के अधिकारी ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में जाने से पहले ओला के राइड-हेलिंग व्यवसाय में शामिल हुए थे. चटर्जी 2017 में ओला में डिजाइन प्रमुख के रूप में शामिल हुए थे, जबकि खंडेलवाल ने मार्च 2018 में मार्केटिंग प्रमुख के रूप में अपनी यात्रा शुरू की थी. ओला हाल के महीनों में अपने विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में कई हाई-प्रोफाइल कर्मचारियों के जाने के कारण सुर्खियों में रही है. हाल ही में हुए कर्मचारियों के जाने से पहले, ग्रुप चीफ पीपुल ऑफिसर एन बालचंदर ने नवंबर 2024 में ओला इलेक्ट्रिक, ओला कैब्स और क्रुट्रिम एआई के लिए एचआर की देखरेख करने के बाद पद छोड़ दिया था. अक्टूबर में क्रुत्रिम एआई के बिजनेस हेड रवि जैन और ओला मोबिलिटी के सीबीओ सिद्धार्थ शकधर ने कंपनी छोड़ दी, अपने नौ महीने के कार्यकाल के दौरान प्रमुख पहलों का नेतृत्व करने के बाद शकधर पेटीएम में चले गए. ओला इलेक्ट्रिक के वीपी और बिक्री प्रमुख महेश अलंथत ने भी अक्टूबर में इस्तीफा दे दिया, जबकि ओला कैब्स के सीएफओ कार्तिक गुप्ता ने थोड़े समय के कार्यकाल के बाद मई में पद छोड़ दिया. 2024 की शुरुआत में ओला कैब्स के सीईओ हेमंत बख्शी ने अपनी भूमिका के तीन महीने बाद ही पद छोड़ दिया, जिससे संस्थापक भाविश अग्रवाल को फिर से नेतृत्व संभालना पड़ा. इन प्रस्थानों ने भाविश अग्रवाल के नेतृत्व वाले समूह में वरिष्ठ प्रतिभाओं को बनाए रखने को लेकर चिंताएँ बढ़ा दी हैं, जिससे निवेशकों की भावनाएँ कम हुई हैं.

### शेयर बाजार में शानदार एंट्री, सेनोरेस फार्मा 53त्न प्रीमियम पर हुआ लिस्ट

**मुंबई( एजेंसी )।** सेनोरेस फार्मास्युटिकल्स का शेयर सोमवार को एनएसई पर 53 फीसदी प्रीमियम के साथ 600 रुपए और बीएसई पर 593.70 रुपए पर सूचीबद्ध हुआ. इसका आईपीओ 20 दिसंबर, 2024 को खुला और 24 दिसंबर, 2024 को समाप्त हुआ. सदस्यता की स्थिति और ग्रे मार्केट प्रीमियम ने सेनोरेस फार्मास्यूटिकल्स शेयर की कीमत के लिए मजबूत सूचीबद्ध लाभ की ओर संकेत दिया था. सेनोरेस फार्मास्युटिकल्स के आईपीओ को 97.86 गुना सब्सक्रिप्शन मिला, जिसमें खुदरा श्रेणी में 93.16 गुना, क्यूआईबी श्रेणी में 97.84 गुना तथा एनआईआई कैटागरी में 100.35 गुना सब्सक्रिप्शन मिला. रिपोर्ट के अनुसार सेनोरेस फार्मास्यूटिकल्स आईपीओ ग्रे मार्केट प्रीमियम या जीएमपी + 284 रहा. इसका मतलब यह था कि ग्रे मार्केट में सेनोरेस फार्मास्यूटिकल्स के शेयर इश्यू प्राइस से 284 रुपये ऊपर कारोबार कर रहे थे. इसका यह भी मतलब था कि बाजार सहभागियों को उम्मीद थी कि सेनोरेस फार्मास्यूटिकल्स के शेयर की लिस्टिंग इश्यू प्राइस से 72.63 फीसदी अधिक 675 रुपये पर होगी. सेनोरेस फार्मास्यूटिकल्स आईपीओ का मूल्य बैंड 372 से 391 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया गया था और शेयरों की लिस्टिंग इश्यू मूल्य के ऊपरी मूल्य बैंड से काफी ऊपर थी. सेनोरेस फार्मास्यूटिकल्स का आईपीओ 582.11 करोड़ रुपये का बुक-बिल्ट इश्यू था. इस इश्यू में 1.28 करोड़ शेयरों का नया इश्यू शामिल था, जो कुल मिलाकर 500 करोड़ रुपये था और 0.21 करोड़ शेयरों का ऑफर फॉर सेल था, जिसकी कीमत 82.11 करोड़ रुपे थी.

### सैमसंग को भारत में एसी बिजनेस पर पूरा भरोसा, 2025 में लॉन्च करेगा नए विंडफ्री मॉडल

गुरुग्राम: भारत के प्रमुख कंज्यूममर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने 2025 में एयर कंडीशनर के एक दर्जन से अधिक मॉडल लॉन्च करने की योजना बनाई है। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार दक्षिण कोरिया की उपकरण बनाने वाली प्रमुख कंपनी अपने उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ाना चाहती है और भारत में रूम एसी सेगमेंट में एक पसंदीदा ब्रांड बनना चाहती है।सैमसंग के नए एसी मॉडल कंपनी के मालिकाना हक वाले बीस्पोक एआई समाधानों से पावर्ड होंगे और इसके द्वारा उन उपभोक्ताओं को लक्षित किया जाएगा जो प्रीमियम एसी खरीदना चाहते हैं। विश्लेषकों का कहना है कि रेफ्रिजरेटर और वॉशिंग मशीन की श्रेणियों में सैमसंग की बीस्पोक एआई रेंज के घरेलू उपकरणों को भारतीय बाजार में बहुत अच्छाश रिस्पॉशन्सी मिला है और यह सैमसंग को रूम एयर कंडीशनर सेगमेंट में विस्तार करने के लिए एक मजबूत शुरुआत देता है।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

**Notice Inviting Tender**

समान प्रकार के कार्य करने के अनुभव व अहर्ता रखने वाले संस्थाओं से Offline निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | निविदा क्र. / दिनांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | अमानत राशि (रू.में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 07/24.12.2024 | Construction of RCC Approach bridge for Intake well site 46 m long and 3.5 m width shall be provided from the bank exicting approach bridge at Mahanadi River Saradih Barrage (Village- Ghouthala Chhote) Sarangarh AWSS | 18.81 | 14100/- |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में निविदा प्रपत्र कय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 06.01.2025 सायं 5:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड,
सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

जी- 242504948/1

# बॉक्सिंग-डे टेस्ट में भारतीय टीम को मिली हार

#### ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज में 2-1 से बनाई बढ़त



**मेलबर्न( एजेंसी )।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने चौथे टेस्ट में भारतीय क्रिकेट टीम को 184 रन से हराते हुए सीरीज में 2-1 से बढ़त हासिल की।जीत के लिए मिले 340 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम यशस्वी जायसवाल की पारी (84) के बावजूद अपनी दूसरी पारी में 155 रन पर सिमट गई।अब सीरीज का आखिरी टेस्ट 3 जनवरी, 2025 से सिडनी में खेला जाएगा।आइए मैच में बने रिकॉर्ड्स पर एक नजर डालते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में स्टीव स्मिथ के शतक (140) की मदद से 474 रन बनाए।जवाब में भारतीय टीम ने नितीश रेड्डी के शतक (114) की बदौलत 369 का स्कोर बनाया।इसके बाद बढ़त हासिल करने वाली मेजबान टीम जसप्रीत बुमराह की घातक गेंदबाजी (5/57) के सामने अपनी दूसरी पारी में 234 रन बनाए।जवाब में भारत का स्कोर एक समय 121/3 था। इसके बाद भारत ने 21.3 ओवर में अपने आखिरी 7 विकेट गंवाए। स्मिथ ने अपने टेस्ट करियर का 34वां शतक लगाया। उन्होंने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के एलिस्टेयर कुक (33) और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के केन विलियमसन (33) को शतकों के मामले में पीछे छोड़ दिया है।इसके अलावा इस स्टार खिलाड़ी ने सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में श्रीलंका के पूर्व दिग्गज महेला जयवर्धने (34), वेस्टइंडीज के ब्रायन लारा (34), भारतीय टीम के सुनील गावस्कर (34) और पाकिस्तान के पूर्व बल्लेबाज यूनुस खान (34) की बराबरी कर ली है। स्मिथ भारत के खिलाफ सर्वाधिक टेस्ट शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इंग्लैंड के जो रूट का रिकॉर्ड तोड़ा।रूट ने 55 पारियों में भारतीय टीम के खिलाफ 10 टेस्ट शतक लगाए हैं। स्मिथ के अब 43 पारियों में 11 शतक हो गए हैं।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में स्मिथ भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज भी हैं। रिकी पोटिंग ने भारत के खिलाफ 14 शतक लगाए जबकि स्मिथ के अब 16 शतक हो गए हैं। जायसवाल ने 82 और 84 रन के स्कोर किए।उन्होंने इस साल 15 मैचों की 29 पारियों में 54.74 की औसत के साथ 1,478 रन बनाए। इस बीच उन्होंने 3 शतक और 9 अर्धशतक अपने नाम किए। वह एक कैलेंडर वर्ष में दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बने।उन्होंने वीरेंद्र सहवाग (1,462) और सुनील गावस्कर (1,422) को पीछे छोड़ा।भारतीय बल्लेबाजों में एक कैलेंडर वर्ष में जायसवाल से ज्यादा रन सिर्फ सचिन तेंदुलकर (1,562) ने बनाए हैं।

## बॉक्सिंग-डे टेस्ट: यशस्वी जायसवाल को तीसरे अंपायर ने दिया आउट

#### मैदान में गूंजा चीटर का शोर




**मेलबर्न( एजेंसी )।** मेलबर्न में खेले गए बॉक्सिंग-डे टेस्ट के 5वें दिन सोमवार को भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को तीसरे अंपायर द्वारा आउट करार दिए जाने के बाद विवाद खड़ा हो गया।रियल-टाइम स्निकोमीटर (आरटीएस या स्निको) में गेंद के बल्ले से लगने का संकेत न होने के बाद भी उन्हें आउट दिए जाने से प्रशंसक खफा हो गए।इसके बाद प्रशंसकों ने मैदान में करीब 10 मिनट तक %चीटर-चीटर% का नारा लगाया। इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। दरअसल, भारत की दूसरी पारी का 71वां ओवर फेंक रहे पैट कमिंस की 5वीं गेंद पर जायसवाल ने बल्ला चलाया तो गेंद विकेटकीपर के दस्तानों में चली गई।इस पर कमिंस ने अपील की, लेकिन मैदान अंपायर ने उसे खारिज कर दिया। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने डीआरएस रिव्यु ले लिया।इस दौरान रियल-टाइम स्निकोमीटर में गेंद के बल्ले से लगने का कोई स्पष्ट संकेत नजर नहीं आया। इसके बाद भी तीसरे अंपायर ने जायसवाल को आउट करार दे दिया। जायसवाल ने तीसरे अंपायर के निर्णय पर विरोध भी जताया, लेकिन आखिरकार उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा।इसके बाद मैदान में मौजूद दर्शकों का गुस्सा बढ़ गया। उन्होंने जायसवाल के जाते ही %चीटर-चीटर% पुकारना शुरू कर दिया।

## यशस्वी जायसवाल शतक बनाने से चूके, इस मामले में सहवाग-गावस्कर को पीछे छोड़ा

#### बॉक्सिंग-डे टेस्ट



**मेलबर्न( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ बॉक्सिंग-डे टेस्ट में अपनी दूसरी पारी में भी शतक बनाने से चूक गए।मेलबर्न क्रिकेट स्टेडियम में वह 208 गेंदों का सामना करते हुए 84 रन की जुझारू पारी खेलकर आउट हुए।इससे पहले मैच की पहली पारी में वह 82 रन बनाकर पवेलियन लौट गए थे।जायसवाल एक कैलेंडर वर्ष में दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज भी बने हैं। जीत के लिए मिले 340 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 33 के स्कोर तक अपने 3 विकेट गंवा दिए थे।ऐसे में जायसवाल ने लगातार गिर रहे विकेटों के बीच एक छोर संभाले रखा। उन्होंने ऋषभ पंत के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी की।वह मैच के तीसरे सत्र के दौरान पैट कमिंस का शिकार बने। उन्होंने 8 चौकों की मदद से 84 रन बनाए। जायसवाल के लिए यह साल शानदार बीता। उन्होंने इस साल 15 मैचों की 29 पारियों में 54.74 की औसत के साथ 1,478 रन बनाए।इस बीच उन्होंने 3 शतक और 9 अर्धशतक अपने नाम किए।वह एक कैलेंडर वर्ष में दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बने।उन्होंने वीरेंद्र सहवाग (1,462) और सुनील गावस्कर (1,422) को पीछे छोड़ा।भारतीय बल्लेबाजों में एक कैलेंडर वर्ष में जायसवाल से ज्यादा रन सिर्फ सचिन तेंदुलकर (1,562) ने बनाए हैं। यशस्वी ने अपना पहला टेस्ट मैच साल 2023 में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ खेला था।उन्होंने अब तक 24 टेस्ट मैच खेले हैं। इसकी 34 पारियों में 55.18 की औसत से 1,766 रन बनाए हैं।

## अदाणी एंटरप्राइजेज का शेयर करीब 5 प्रतिशत उछला




**मुंबई( एजेंसी )।** अदाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) के शेयर में सोमवार को जबरदस्त तेजी देखी गई। दोपहर करीब 12ः07 बजे बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर अदाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 6 प्रतिशत बढ़कर 2,553 रुपये पर था। शेयर का 52 सप्ताह का उच्चतम स्तर 3,743 रुपये प्रति शेयर और न्यूनतम स्तर 2,030 रुपये प्रति शेयर है। अदाणी एंटरप्राइजेज के मौजूदा बाजार मूल्य ने अपने दो अहम रुकवट स्तरों को पार कर लिया है। मौजूदा बाजार मूल्य ने सबसे पहले 2,444.93 रुपये के रुकावट स्तर को पार किया, जिसके बाद यह 2,473.37 रुपये की रुकावट को पार करने में सफल रहा। सेंसेक्स के टॉप गेनर्स में अदाणी पोर्ट्स ने अपनी जगह बनाए रखी। सुबह करीब 12 बजे अदाणी पोर्ट्स का शेयर 1.05 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,239.75 रुपये पर कारोबार कर रहा था। अग्रणी ब्रोकरेज फर्म वेंचुरा सिक्योरिटीज लिमिटेड ने अगले दो वर्षों में अदाणी एंटरप्राइजेज के शेयरों के लिए 3,801 रुपये का बाजार मूल्य लक्ष्य निर्धारित किया है। ब्रोकरेज ने अपने लेटेस्ट नोट में कहा कि बुल केस सिनेरियो, लक्ष्य मूल्य बढ़कर 5,748 रुपये हो सकता है, जो मौजूदा भाव से 138.6 प्रतिशत अधिक है। वेंचुरा के नोट के अनुसार, अदाणी एंटरप्राइजेज मजबूत विकास पथ पर है। कंपनी का समेकित राजस्व वित्त वर्ष 2024 से 2027 तक अगले तीन वर्षों में 17.5 प्रतिशत की सीएजीआर पर 1.56 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। नोट के अनुसार, यह वृद्धि कंपनी के हवाई अड्डे, सौर और पवन टरबाइन व्यवसायों के विस्तार के साथ-साथ तांबे के व्यवसाय से राजस्व योगदान से प्रेरित होगी। वेंचुरा के अनुसार, अदाणी ग्रुप की प्रमुख कंपनी अगले दशक में 6.5-7 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय का लक्ष्य बना रही है, जिसमें मुख्य रूप से हवाई अड्डों, डेटा केंद्रों, तांबे और हरित हाइड्रोजन पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

## रेड जोन में खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 105 अंक लुढ़का, निफ्टी 23,796 पर

**मुंबई( एजेंसी )।** कारोबारी सप्ताह के पहले दिन शेयर बाजार रेड जोन में खुला. बीएसई पर सेंसेक्स 105 अंकों की गिरावट के साथ 78,593.56 पर ओपन हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.07 फीसदी की गिरावट के साथ 23,796.90 पर बंद हुआ. जैसे-जैसे हम नए साल में प्रवेश कर रहे हैं, बाजार के शुरुआती संकेतों के लिए ऑटो बिक्री के आंकड़ों पर कड़ी नज़र रखी जाएगी. भविष्य में कोई बड़ी घटना न होने के कारण विश्लेषकों का सुझाव है कि फोकस एफआईआई प्रवाह और मुद्रा की चाल पर केंद्रित होगा. खासकर तब जब रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले कमजोर होता जा रहा है. कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ. बीएसई पर सेंसेक्स 226 अंकों की उछाल के साथ 78,699.07 पर क्लोज हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.27 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 23,813.40 पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान निफ्टी पर डॉ रेड्डीज लैब्स, एमएंडएम, इंडसइंड बैंक, आयशर मोटर्स, टाटा मोटर्स के शेयर टॉप गेनर के लिस्ट में शामिल रहे. जबकि हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, एसबीआई, ओएनजीसी, टाटा स्टील, श्रीराम फाइनेंस के शेयर टॉप लूजर के लिस्ट में शामिल रहे. बीएसई मिडकैप इंडेक्स सपाट कारोबार किया, जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स 0.4 फीसदी ऊपर रहे. सेक्टरों में ऑटो, फार्मा, मीडिया में 0.5-1 फीसदी की तेजी आई, जबकि रियल्टी, पीएसयू बैंक, ऑयल एंड गैस, मेटल इंडेक्स में 0.5-1 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई.

## शब्द सामर्थ्य -282

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**
1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 281 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्क | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

## सू- दोकू क्र.282

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.281 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, बुधवार 01 जनवरी 2025



## राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा 16 फरवरी को

**रायपुर (विसं)।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति योजना के तहत कक्षा 8वीं में अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए 16 फरवरी 2025 को परीक्षा आयोजित की जाएगी। चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रत्येक माह 1,000 रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इस वर्ष परीक्षा का आयोजन माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल सचिव ने बताया कि इस योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है और इच्छुक विद्यार्थी 9 जनवरी 2025 तक ऑफलाइन आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

# नपं अध्यक्ष संजय यादव के प्रयासों से सांसद-विधायक के हाथों हुआ 2 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन








**रायपुर/माना (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित माना कैंप में आज विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन किया गया। बता दे कि इस विकास कार्यों के भूमि पूजन मेंसांसद बृजमोहन अग्रवाल, ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष संजय यादव सहित तमाम वरिष्ठ भाजपा नेता मौजूद रहे। बता दे की तकरीबन ढाई करोड़ की लागत से माना कैंप में विकास कार्यों का काम होना है। आने वाले समय में नगरी निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव भी होना है इसके पहले विकास कार्यों का भूमि पूजन किया गया है। ज्ञात हो माना कैंप में भाजपा सरकार बनने के बाद लगातार क्षेत्र मैं विकास की गति तेज हो गई। मौजूदा ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने कहा कि पिछली सरकार ने सिर्फ विकास के नाम पर लोगों को भ्रमित किया है भाजपा विकास कार्यों में और क्षेत्र के विकास में भरोसा करती है साथ ही नगर पंचायत संजय यादव ने कहा कि क्षेत्र वासियों को इस विकास कार्यों से पेयजल की जो समस्या है वह दूर होगी साथ ही घर-घर साफ जल पहुंचाया जाएगा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि माना कैंप में विकास की गति को तेज करने सरकार की तरफ से राशि प्रदान की जा रही है साथ ही आने वाले समय में अनेको विकास कार्य क्षेत्र में किए जाएंगे एवं आने वाले समय में राजस्वग्राम जोड़ा जाएगा ताकि मानवासियो को प्रधानमत्री आवास योजना का लाभ मिल सके। उक्त कार्यक्रम में नंदे साहू, पूर्व नगर पंचायत श्यामा प्रसाद मुखर्जी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष उर्मिला चौहान, बीजेपी माना मंडल अध्यक्ष रविन्द सिंह ठाकुर, पूर्व सरपंच श्रीमती बाली ढाली समस्त पार्षदगण नगर पंचायत सीमओ मुनेश्वर शर्मा एवं नगर पंचायत के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ को केंद्र सरकार से मिली 250 करोड़ की प्रोत्साहन राशि

### वित्तीय प्रबंधन प्रणाली के लिए छत्तीसगढ़ सरकार के रिफॉर्म की केंद्र सरकार ने की सराहना

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साथ के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता लाने के लिए आईटी आधारित वित्तीय प्रबंधन प्रणाली को लागू कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। केंद्र सरकार ने इस डिजिटल सुधार की सराहना करते हुए राज्य को 250 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) के रूप में प्रदान की है।

छत्तीसगढ़ राज्य ने केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के वित्तीय प्रबंधन के लिए जस्ट इन टाइम (जेआईटी) मॉडल और एसएनए स्पर्श प्रणाली को अपनाया है। यह प्रणाली वित्तीय प्रवाह को कुशल बनाते हुए निधियों के वितरण, ट्रैकिंग और भुगतान को आसान बनाती है। इसके तहत राज्य सरकार ने केंद्र की निधि को आरबीआई के ई-कुबेर नेटवर्क और राज्य की निधि को वित्तीय प्रबंधन एवं सूचना प्रणाली (एफएमआईएस) के माध्यम से समेकित किया है। इस पहल से निधि के सही समय पर उपयोग और वास्तविक समय में व्यय की रिपोर्टिंग भी सुनिश्चित हुई है। इस सुधार के तहत स्मार्ट भुगतान एल्गोरिथम का उपयोग किया गया है, जिससे भुगतान ट्रिगर नियमों के आधार पर वास्तविक समय में किया जाता है।

# आर्यिका रत्न विदुषी श्री माता जी ससंघ का श्री चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर शंकर नगर में मंगल प्रवेश



**रायपुर (विश्व परिवार)।** विरागोदय तीर्थ प्रणेता समाधि सम्राट परम पूज्य गणाचार्य 108 श्री विराग सागर जी महाराज की परम प्रभावक शिष्या पूज्य श्रमणी आर्यिका श्री 105 विदुषी श्री माता जी, श्रमणी आर्यिका श्री 105 विनीत श्री माता जी, श्रमणी आर्यिका श्री 105 विकम्पा श्री माता जी, श्रमणी आर्यिका श्री 105 विरत श्री माता जी, श्रमणी आर्यिका 105 श्री विनोद श्री माता जी ससंघ का आज पदम प्रभ् दिगंबर जैन मंदिर लाभांडी से मंगल विहार करते हुए आज मंगल प्रवेश श्री चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर, शंकर नगर, रायपुर में हुआ।

अंग्रेजी नव वर्ष 2025 के प्रथम दिन श्री चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर शंकर नगर रायपुर में बुधवार प्रात: 07:30 बजे माता जी का मंगल प्रवचन, प्रात: 08:00 बजे माता जी के सानिध्य में श्री भक्तामर महामंडल विधान, प्रात: 10 बजे आर्यिका संघ की आहार चर्या संपन्न होगी। ज्ञात है की माताजी ससंघ का मंगल विहार कटक उड़ीसा से इंदौर मध्य प्रदेश की ओर चल रहा है, श्री शंकर नगर दिगंबर जैन पंचायत सेवा समिति ने सभी धर्मानुरागियों से धार्मिक अनुष्ठान में सम्मिलित होने का आवाहन किया।

# ग्रीन जीडीपी के लिए पारिस्थितिकी तंत्र का मूल्यांकन शुरू करने वाला छत्तीसगढ़ बना देश का पहला राज्य

**रायपुर (विश्व परिवार)।** वन पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं को ग्रीन जीडीपी के साथ जोड़ने की पहल शुरू करने वाला छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य बन गया है। इस पहल के द्वारा पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं के व्यापक मूल्य को मापकर छत्तीसगढ़ के सतत विकास में रेखांकित किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 विज़न और सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप विज़न डॉक्यूमेंट तैयार कर रही है, जिसमें वन विभाग द्वारा संचालित पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं के मूल्यांकन की अवधारणा सम्मिलित की गई है। यह समग्र दृष्टिकोण राज्य में पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक प्रगति के बीच संतुलन बनाए रखने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए सतत और समृद्ध भविष्य सुनिश्चित हो सके। वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं का मूल्यांकन न केवल बजटीय योजना को अधिक सुव्यवस्थित बनाएगा, बल्कि भविष्य की रणनीतियों को दिशा प्रदान करेगा, धन आवंटन को अधिक प्रभावी बनाएगा और वानिकी विकास के प्रयासों को सशक्त करेगा।

# कैनवास पर रंगो की छटा से निखरा स्वदेशी मेला, रचनात्मकता और संस्कृति को मिल रहा बढ़ावा



**रायपुर (विश्व परिवार)।** देसीपने को आधार देने के लिए शुरू किया गया स्वदेशी मेला अब आत्मनिर्भरता का पर्याय बन चुका है। आठ दिनों के लिए आयोजित इस मेले में जनमानस को संपूर्णता उपलब्ध कराई जा रही है। जहाँ बच्चों से लेके महिलाओं को उनकी प्रतिभा को मंच दिया जा रहा है वहीं दूसरी ओर प्रबुद्ध वर्ग द्वारा संगोष्ठियों के माध्यम से समाज को जागरूक सेहतमंद बनाए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

भारतीय विपणन विकास केंद्र द्वारा संचालित साइंस कॉलेज प्रांगण में स्वदेशी मेला आयोजित किया जा रहा है। आठ दिवसीय इस मेला का समापन शुक्रवार को होगा। मेले में होने वाले कार्यक्रमों की कड़ी में मंगलवार को पुण्य श्लोका अहिल्यादेवी होलकर पर व्याख्यानमाला आयोजित हुई। जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच की प्रांत सह संयोजिका, महिला समन्वय की डॉ. वर्णिका शर्मा ने जनमानस के हित के लिए जीवन समर्पित करने वाली देवी अहिल्याबाई के योगदान पर प्रकाश डाला और शिक्षा, धर्म, न्याय के लिए उनके द्वारा सशक्त निर्णयों की चर्चा की। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल और डॉ. प्रीति उपाध्याय अतिथि रूप में मौजूद रहे। वहीं बच्चों और युवाओं के लिए रंगोली प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें बारह वर्ष तक के बच्चों और उससे अधिक उम्र के 39 लोगों ने दो वर्गों में भाग लिया। पारंपरिक तौर मुक्तहस्त रंगोली की थीम पर रंगों की बौछार करते हुए धरा के कैनवास को आकर्षक अंदाज़ से सजा दिया। इसमें भगवान गणेश, शिवा, गौ माता, काशी घाट, संत समागम जैसे खूबसूरत दृश्यों को हुबहू धरा पर उकेर दिया। इस कार्यक्रम की प्रभारी सुनीता जैन, निशा समुदकर, सीमा शर्मा, संध्या बड़ोले, नंदिनी ठाकुर, सीमा भगत थीं। इसके निर्णायक मंडल में डॉ वर्षा वर्मा, स्मृति व रश्मि चौरड़िया शामिल थीं। ग्रुप ए में प्रथम इशरार ख़ान, द्वितीय मीनल अग्निहोत्री और ग्रुप बी में प्रथम चेतन नायक, द्वितीय यामिनी साहू, तृतीय स्थान दीपक दीप व सांत्वना मनीता शर्मा को दिया गया।

सांस्कृतिक संध्या के कार्यक्रम में प्रांतीय सामाजिक समागम की कड़ी में आंध्र प्रदेश की प्रस्तुति दी गई। आंध्र प्रदेश की पारंपरिक वेशभूषा और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करते हुए शानदार नृत्यों की प्रस्तुति ने दर्शकों को मुग्ध कर दिया। सी नागेश्वर राव के निर्देशन में क्लासिकल डांस तैयार किए गए। इसमें जी हृतिका, वसंथ लक्ष्मी ने नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। पी मीना, अनीता राव व सी श्री लक्ष्मी ने तेलुगू गीतों की मंत्रमुग्ध करने वाले गीतों की प्रस्तुति दी।

# छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में सेवानिवृत्ति समारोह, ईडी डी.के. तुली सहित 8 विद्युत कर्मियों की विदाई



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज मुख्यालय में आयोजित समारोह में कार्यपालक निदेशक (सिविल) श्री देवेंद्र कुमार तुली सहित 8 अधिकारियों तथा कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई दी गई। अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव द्वारा श्री तुली के योगदान की प्रशंसा करते हुए उनके सुखद भविष्य की कामना की गई। वहीं एक अन्य कार्यक्रम में एमडी (ट्रांसमिशन कंपनी) श्री राजेश कुमार शुक्ला के मुख्य आतिथ्य के आयोजित कार्यक्रम में 7 अधिकारियों तथा कर्मचारियों को विदाई दी गई।

मुख्य समारोह का आयोजन अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव के मुख्य आतिथ्य में सेवाभवन में किया गया था। जिसमें निवृत्तमान ईडी श्री तुली के साथ उनके परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे। इस अवसर पर पॉवर ट्रांस्को के एमडी श्री राजेश शुक्ला एवं डिस्टीब्यूशन कंपनी (डिस्कॉम) के एमडी श्री भीमसिंह कंवर सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। सभी ने श्री तुली की कर्मठता और चार दशक की सेवा की सराहना की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ. यादव ने कहा कि श्री तुली ने जल विद्युत परियोजनाओं में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया हैं। किसी भी संस्था की मजबूत नींव बनाने का कार्य सिविल विभाग के द्वारा किया जाता हैं। समारोह में सेवानिवृत्त ईडी श्री तुली ने अपने कार्य अनुभव बताते हुए अपनी सफलता का श्रेय टीमवर्क को दिया तथा सेवायात्रा के दौरान अधिकारी-कर्मचारियों से मिले सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। इसी प्रकार लोड डिस्पैच सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में अति. मुख्य अभियंता (सिविल) श्री दिनेश कुमार देवांगन, वरिष्ठ पर्यवेक्षक (परीक्षण) श्री भूषण प्रसाद चंद्राकर, कनिष्ठ पर्यवेक्षक (परीक्षण) श्री कौशल प्रसाद यादव, कनिष्ठ पर्यवेक्षक (परीक्षण) श्री रमेश कुमार स्वर्णकार, कार्यालय सहायक श्रेणी-एक श्री कमलकांत शुक्ला, लाईन सहायक श्रेणी-दो श्री राम लखन देवांगन एवं मुख्य सुरक्षा सैनिक श्री समय लाल वर्मा के योगदान का उल्लेख किया गया तथा सेवानिवृत्ति उपरांत देय हितलाभों के साथ उनका अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक श्री के.एस.मनोठिया, श्री वी.के.साय, श्री संजय पटेल, श्री आर.सी.अग्रवाल एवं श्री जी.आनंद राव सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री उमेश कुमार मिश्र एवं प्रकाशन अधिकारी श्री गोविंद सिंह पटेल द्वारा किया गया।

# तनाव प्रबंधन पर विशेषज्ञ व्याख्यान : तनाव का मूल कारण मन की चंचलता हैं- आचार्य जैन मुनि अरविंद जी



**रायपुर (विश्व परिवार)।** समाज का हर व्यक्ति आज तनाव से ग्रसित होते जा रहा है वर्तमान में लगभग 95 प्रतिशत व्यक्ति तनाव से ग्रसित हैं, लेकिन इस बीमारी से मुक्त होने का इलाज किसी वैज्ञानिक या डॉक्टर के पास नहीं हैं। तनाव की वजह से हमारे घर एवं समाज में सामंजस्य करने में बाधाएं आ रही हैं मनुष्य अनेक बीमारियों शुगर, बी.पी. आदि से पीड़ित हो रहे हैं। तनाव छोड़कर मुक्त रहेंगे तभी हम स्वस्थ रहेंगे। समाज में रहने वाले लोग स्वस्थ रहेंगे तथा स्वस्थ समाज का निर्माण होगा उक्त बाते आज महात्मा गाँधी महाविद्यालय में जैन मुनि आचार्य अरविन्द जी महाराज ने कहा - मन की चंचलता ही तनाव का मूल कारण हैं इसे ही काबू में लाना हैं, जीवन को जीना हैं तो करुणा, दया, भाव से जियो प्रेम से जियो। मनुष्य में भावनात्मक विकास होना जरुरी हैं, भावनात्मक विकास होने से मनुष्य में दया एवं करुणा की भावना उत्पन्न होगी, जहाँ भावनात्मक विकास होता हैं वहाँ दो परिवारों के मध्य टकराव नहीं होता हैं, क्योंकि व्यक्ति एक-दूसरे की भावना का सम्मान करता हैं। संसार का सबसे श्रेष्ठ प्राणी मनुष्य हैं। 84 लाख योनियों में मनुष्य ही एकमात्र ऐसा प्राणी हैं जो अपनी समस्त भावनाओ को व्यक्त कर सकता हैं, परन्तु वर्तमान समय में भाग-दौड़ की जिंदगी में इतना व्यस्त हो गया हैं कि वह अपनी खुशियाँ बाटना बंद कर तनाव में रहना प्रारंभ कर दिया हैं, उनके पास अपने माता -पिता घर परिवार किसी के लिए समय नहीं हैं, उनमें ये भावना उत्त्पन्न करनी हैं कि माता -पिता ही हमारे प्रथम भगवान हैं, उनके साथ एवं उनके आशीष से ही हम तनाव मुक्त हो सकते हैं। साथ ही हम श्रीमद भगवत, रामायण जैसे ग्रंथो का अध्ययन करे जो हमें हमारे संस्कार एवं संस्कृति से जोड़ती हैंद्व तनाव से मुक्त होने के लिए मन की चंचलता को काबू करे, मन की चंचलता को काबू करने के लिये सभी ध्यान, योग, पूजा -पाठ के लिए समय निकाले। ध्यान एक महत्वपूर्ण साधन हैं जो तनाव से मुक्त करता है। इस अवसर पर डॉ. सुरेश शुक्ला छत्तीसगढ़ प्राइवेट कॉलेज एसोसिएशन के अध्यक्ष, श्री सिद्धार्थ प्रमोद दास संचालक महात्मा गाँधी महाविद्यालय, डॉ. सोनाली चन्नावार प्राचार्य महात्मा गाँधी महाविद्यालय, अन्य प्राध्यापकगण एवं समस्त विद्यार्थियों ने व्याख्यान में उपस्थित होकर तनाव मुक्त जीवन जीने की शैली को सीखा।

# द.पू.म. रेलवे द्वारा ऑटो सिग्नलिंग के क्षेत्र में कीर्तिमान



### रायपुर रेल मंडल में सरोना-रायपुर दोहरी लाइन खंड में 6 किलोमीटर अतिरिक्त ऑटोमेटिक सिग्नलिंग स्थापित

**रायपुर (विश्व परिवार)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सिग्नल एण्ड टेलीकॉम विभाग ने ऑटोमेटिक सिग्नलिंग के क्षेत्र में लगातार तीसरे वर्ष 100 किलोमीटर से अधिक ऑटोमैटिक सिग्नलिंग कमीशनिंग कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

प्रधान मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री एस. के. सोलंकी के नेतृत्व में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने सरोना-रायपुर दोहरी लाइन खंड में 6 किलोमीटर अतिरिक्त ऑटोमेटिक सिग्नलिंग स्थापित की। इसमें 3 स्वचालित सिग्नल अप लाइन में और 3 डाउन लाइन में लगाए गए हैं। यह स्वचालित सिग्नलिंग इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग आधारित है। इस प्रक्रिया के तहत रायपुर स्टेशन के इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग और पैनल इंटरलॉकिंग में आवश्यक बदलाव किए गए।

सटीकता के लिए मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर के 36 डिटेक्शन पॉइंट्स और स्वचालित सिग्नलों की निगरानी के लिए ऑटो और स्टैंडबाय वीडीयू भी लगाए गए। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने लगातार तीसरे वर्ष 100 किलोमीटर ऑटोमैटिक सिग्नलिंग कमीशनिंग का कीर्तिमान पार किया है, जो रेलवे के प्रगतिशील और आधुनिक तकनीकी उपायों का उत्कृष्ट उदाहरण है। प्रधान मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर ने इस उपलब्धि पर अपनी टीम को बधाई दी और इसे यात्रियों के लिए अधिक संरक्षित और कुशल रेल परिचालन सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे सुश्री नीनु इटियेरा 35 वर्षों की सेवा उपरांत सेवानिवृत्त

**तरुण प्रकाश होंगे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नए महाप्रबंधक**



**बिलासपुर (विश्व परिवार)।** सुश्री नीनु इटियेरा, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, ने आज दिनांक 31 दिसंबर 2024 को अपनी 35 वर्षों की गौरवशाली रेल सेवा के पश्चात सेवानिवृत्ति प्राप्त की। 1988 बैच की भारतीय रेल परिचालन सेवा (द्बक्र्रञ्जस्) की अधिकारी सुश्री इटियेरा ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक के रूप में 7 माह तक सफलतापूर्वक अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

सुश्री नीनु इटियेरा ने अपनी रेलवे सेवा की शुरुआत दक्षिण रेलवे के पालघाट मंडल में सहायक परिचालन प्रबंधक के रूप में की थी। इसके उपरांत, उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया, जिनमें दक्षिण रेलवे के चेन्नई मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी, उप मुख्य परिचालन प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, मुख्य यात्री परिचालन प्रबंधक, मुख्य वाणिज्य प्रबंधक और चेयरमैन, रेलवे भर्ती बोर्ड तिरुवनंतपुरम शामिल हैं।

सुश्री इटियेरा के कार्यकाल में दक्षिण पूर्व मध्य रेल ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों को हासिल किया तथा नई उंचाईयों को छुआ। इनके कार्यकाल में दक्षिण पूर्व मध्य रेल में यात्री सुविधाओ एवं सेवाओ में काफी प्रगति हुई। साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने अधोसंरचना से संबन्धित महत्वपूर्ण रेल विकास परियोजनाओं एवं यात्री सुविधाओ में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की। सुश्री नीनु इटियेरा जी की सेवानिवृत्ति के पश्चात, रेलवे बोर्ड के प्रधान कार्यकारी निदेशक (सिग्नल एवं दूरसंचार)/विकास श्री तरुण प्रकाश दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण करेंगे।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे प्रशासन सुश्री नीनु इटियेरा के अनुकरणीय योगदान और समर्पण के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त करता है और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित करता है।




# डॉक्टर मोतीलाल शर्मा का निधन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** सेवा निवृत्त आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मोतीलाल शर्मा (दादर वाले) का 95 वर्ष की आयु में सोमवार रात नौ बजे निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार सुबह 11 बजे ब्राह्मण पारा साई मंदिर गली निवास स्थल से मारवाड़ी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश शर्मा के पिता और प्रश्रय शर्मा के दादा थे।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354